सभी देशवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
www.currentcrime.com

# दैनिक करंट क्राइम
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
प्रथम नवरात्रि : शैलपुत्री

● नई दिल्ली।। मंगलवार 09 अप्रैल -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 179 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










Contact : 5, Km. Mile Stone, Delhi-Meerut Road, (Near RKGITM) Ghaziabad - 201017 rkggs2022@gmail.com, principal.rkggs@gmail.com 9829227051, 9319259106, 9319259108 www.rkggs.com

## तमिलनाडु में विपक्ष पर जमकर बरसे राजनाथ सिंह



**नमक्कल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस समय तमिलनाडु में है। सोमवार को उन्होंने कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (उअअ) के लागू होने से कोई भी भारतीय, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, अपनी नागरिकता नहीं खोएगा। सिंह ने विपक्षी कांग्रेस और द्रमुक पर इस मुद्दे पर 'भ्रम पैदा करने' का आरोप लगाया है। भाजपा के नमक्कल उम्मीदवार केपी रामलिंगम के समर्थन में राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु के नमक्कल, तेनकासी और नागपट्टिनम में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। यहां एक रोड शो के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो वादा किया उसे हमेशा लागू किया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, अनुच्छेद 370 और सीएए को निरस्त करना ऐसे आश्वासन थे।

# लोकसभा चुनाव: 'आप' का चुनावी पोस्टर जारी, दिल्ली में कांग्रेस उम्मीदवारों पर सस्पेंस

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली में सियासी माहौल काफी गर्म है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल शराब घोटाला मामले में जेल में बंद हैं। उसके बावजूद आम आदमी पार्टी के जोश में कोई कमी नहीं है। बीजेपी को मात देने के लिए आप पूरी ताकत से चुनावी रण में कूद गई है। आप ने सोमवार को अपना चुनावी कैंपेन लॉन्च किया। पार्टी ने अपने मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनावी कैंपेन के फोकस में रखा है।

आम आदमी पार्टी के चुनावी कैंपेन का स्लोगन 'जेल का जवाब वोट से' रखा गया है। उधर बीजेपी ने भी दिल्ली की सातों सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। लेकिन कांग्रेस ने अब तक अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान नहीं किया है। दरअसल दिल्ली में इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। AAP ने अपनी 4 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। लेकिन कांग्रेस के हिस्से में आई 3 सीटों पर अब तक उम्मीदवारों के नामों को लेकर अटकलों का दौर जारी है। कांग्रेस उम्मीदवारों को लेकर खबर आती है कि जल्द सूची जारी होगी लेकिन अब तक इंतजार ही है। कभी कन्हैया तो कभी नेहा राठौर का नाम सामने आता है।




### क्यों हो रही है देरी?

ऐसी अटकलें हैं कि कांग्रेस दिल्ली में अपने हिस्से में आए चांदनी चौक, उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र में मजबूत कैंडिडेट उतारने की कोशिश में लगी हुई है। इस कड़ी में उसने तीनों सीटों पर उम्मीदवारों के मामले में सर्वे कराना शुरू किया है। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस आलाकमान ने पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल और संदीप दीक्षित के संबंध में चांदनी चौक के साथ-साथ उत्तर पूर्व क्षेत्र में भी सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे में चांदनी चौक क्षेत्र में पूर्व विधायक अलका लांबा की संभावना का भी पता लगाया जा रहा है। वहीं, उत्तर पूर्व क्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चतर सिंह और जेएनयू के छात्र नेता रहे कन्हैया कुमार की मजबूती के बारे में मालूम कराया जा रहा है। उधर, उत्तर पश्चिम दिल्ली क्षेत्र में पूर्व सांसद उदित राज, पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार के बारे में सर्वे कराया जा रहा है।

## अगर करनी है निर्वाचन से संबंधी कोई भी शिकायत या पाना है समाधान

### तो ध्यान से नोट कर लीजिए इन अधिकारियों के नाम और मिलने के स्थान

### प्रशासन ने जारी किये अलग-अलग प्रेक्षकों के नंबर, नाम और मीटिंग टाइम

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब चुनाव प्रचार धीरे-धीरे तेज होने लगा है। रोड शो से लेकर जनसभाएं और नुक्कड़ सभा से लेकर डोर टू डोर कैंपेन शुरू हो चुका है। ऐसे में निर्वाचन के दौरान किसी भी शिकायत और समस्या के निवारण के लिए प्रेक्षकों का विवरण भी प्रशासन की ओर से उपलब्ध करा दिया गया है। जिसमें उनके नाम, फोन नंबर, उनके मिलने का स्थान और समय भी जारी किया गया है ताकि लोकसभा चुनाव से संबंधित किसी भी शिकायत और समस्या पर सख्त एक्शन लिया जा सके। वहीं अगर किसी को कोई परेशानी है, तो वह उसका समाधान भी हासिल कर पाए।

**प्रेक्षक (व्यय)**



नाम - सौरभ नायक
मोबाईल -8368432830
नाम- टी अरिवाझगन
मोबाईल -7011117170
समय- 11 से 12 बजे तक
स्थान- सीआईएसएफ इंदिरापुरम



**प्रेक्षक (सामान्य)**

नाम - अरूण कुमार सिन्हा
समय -दोपहर 12 से 1 बजे तक
मोबाईल -8178954809
स्थान मिलने का -गंगाजल अतिथि गृह, प्रताप विहार



**प्रेक्षक (पुलिस)**


नाम - अनिल कुमार
मोबाईल -9821380968
समय - 11 से 12 :00 बजे तक
स्थान - गंगाजल अतिथि गृह, प्रताप विहार



# नवरात्र, रमजान, गर्मी और चुनाव बढ़ा रहा है अधिकारियों का चैलेंज



### गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के लिए टेंशन



### नवरात्र को लेकर आज से पुलिस होगी प्रमुख मंदिरों के आसपास मुस्तैद



**महिलाओं के आभूषण बदमाशों को साफ नजर आते हैं।**

गाजियाबाद, करंट क्राइम। एक तरफ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कंधों पर शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव को संपन्न कराने की जिम्मेदारी है, तो वहीं मंगलवार से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। चैत्र नवरात्र के चलते आज से शहर के प्रमुख मंदिरों और देवी मंदिर के साथ-साथ अलग-अलग मौहल्लों और इलाकों के प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भीड़ रहेगी। तो वहीं सुबह और दोपहर के समय महिलाएं पूजन के लिए सड़कों पर निकलेगी। पूजन के लिए जाने या लौटने के दौरान उनके साथ झपट मारी और लूटपाट की वारदात रोकना भी पुलिस के लिए बड़ा सिरदर्द रहने वाला है। वहीं गर्मी का मौसम शुरू हो गया है, सुबह तेज धूप निकलने के बाद कुछ ही देर में सड़कें खाली हो जाती हैं और महिलाओं के आभूषण बदमाशों को साफ नजर आते हैं। जिससे वह वारदात को अंजाम देने से नहीं कतराते हैं। ऐसे में पुलिस के सामने रमजान को शांति के साथ पूरा करना, चुनावी माहौल शांत रखना और गर्मी के दौरान क्राइम कंट्रोल भी बड़ा चैलेंज बताया जा रहा है।

### रमजान और नवरात्र चल रहे हैं साथ-साथ

करंट क्राइम। इस दौरान जहां मुस्लिम समाज के पवित्र रमजान का महीना चल रहा है। तो मंगलवार से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हो रही है। ऐसे में बाजारों में भी रौनक देखने को मिलेगी। माना जाता है कि लोग नवरात्र में शुभ कार्य और खरीदारी करते हैं। तो वहीं रमजान को लेकर ईद की तारीख मुकर्रर होने से बाजारों में मुस्लिम समाज के लोगों की भी भीड़ बढ़ेगी। ऐसे में पुलिस को बाजारों में भी सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त करने होंगे। वहीं वारदातों पर भी विराम लगाना बड़ी चुनौती होने वाली है।

### बढ़ाई जाएगी पुलिस की गश्त और तैनात होगी फोर्स



**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी का कहना है कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पहले ही फोर्स अर्धसैनिक बलों के रूप में आ चुका है। वहीं बड़ी संख्या में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में अंडर ट्रेनी उप निरीक्षकों की प्रत्येक थानावार तैनाती दी गई है। वहीं त्यौहारी सीजन रमजान, नवरात्र, गर्मी के बढ़ने और चुनाव के मद्देनजर अब पुलिस की पैदल गश्त अधिक कराने के साथ प्रमुख मंदिरों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की तैनाती की जाएगी ताकि सभी चीज कुशलता पूर्वक संपन्न कराई जा सके।

# प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद गदगद हैं रमेश चंद तोमर और बलदेवराज शर्मा

## किसी को कराया पुरानी दोस्ती का एहसास तो किसी से कहा अशोका रोड है याद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गाजियाबाद आयें और यहां उन्होंने अपने अंदाज से सबका मोह लिया। प्रधानमंत्री जब रोड शो में निकले तो उनकी नजर सभी पर थी। ऐसा नहीं था कि वो केवल रोड शो कर रहे हैं बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह भी ध्यान रख रहे थे कि भीड़ में हाथ हिलाते लोग क्या कह रहे हैं। इसकी बानगी भी तब दिखाई जब सिख समाज के लोगों ने उन्हों सरोपा भेंट करने की पेशकश की और इतनी दूर से भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिख समाज की भावनाओं को समझा और अपनी गाड़ी रूकवा ली। इतना ही नहीं यहां उन्होंने अपने सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिया और उन्हें बताया कि सिख समाज के लोग सरोपा भेंट करना चाहते हैं वह सरोपा उनसे लेकर प्रधानमंत्री तक पहुंचाया जाये। सुरक्षाकर्मियों ने वह सरोपा लिया और सिख समाज उस समय श्रृद्धाभाव में हो गया जब प्रधानमंत्री ने उनके द्वारा दिये गये सरोपे को अपने सिर माथे से लगाकर स्वीकार किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आये और यहां वो अपने व्यक्तित्व की अमिट छाप छोड़ गये। प्रधानमंत्री सभी से कनैक्ट हुए और किसी का मुलाकात के दौरान कसकर हाथ थामा और किसी की पीठ पर आशीर्वाद दिया। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल का हाथ उन्होंने शिद्दत से पकड़ा तो पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर को गले लगाया। पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेवराज शर्मा इस मुलाकात से गदगद हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि प्रधानमंत्री से मिलने के बाद ये दोनों वरिष्ठ नेता अपनी बात को स्वयं बता रहे हैं। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर से मुलाकात की तो यहां प्रधानमंत्री के शब्दों ने रमेश चंद तोमर को एक नई ऊर्जा दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रमेश चंद तोमर की पीठ पर हाथ मारा और कहा कि आपसे तो मेरी पुरानी मित्रता है। ये शब्द सुनकर रमेश चंद तोमर पूरी तरह से गदगद हैं और वो ये बात सबको बता रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेवराज शर्मा को भी एहसास कराया कि वो सब याद रखते हैं। बलदेवराज शर्मा ने करंट क्राइम से बातचीत में बताया कि यह वर्ष 1988 की बात है जब हम लोग दिल्ली में अशोका रोड़ पर मिला करते थे। बलदेवराज शर्मा ने बताया कि जब मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के दौरान अशोका रोड़ उन्हें याद दिलाया तो प्रधानमंत्री ने मुस्कुराकर कहा शर्मा जी मुझे सब याद है। अब राजनीति की इतनी बड़ी शखसियत देश के प्रधानमंत्री अगर अपने पुराने साथियों को नहीं भूले और पुरानी यादों से उन्होनें मुलाकात को ताजा किया तो फिर ये मुलाकात यादगार हो ही जाती है। भाजपा में एक युग देख चुके वरिष्ठ भाजपा बलदेवराज शर्मा और पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद गदगद हैं और वो इन पलों को सभी से साझा कर रहे हैं।



> पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल का हाथ उन्होंने शिद्दत से पकड़ा तो पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर को गले लगाया। पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेवराज शर्मा इस मुलाकात से गदगद हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि प्रधानमंत्री से मिलने के बाद ये दोनों वरिष्ठ नेता अपनी बात को स्वयं बता रहे हैं। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर से मुलाकात की तो यहां प्रधानमंत्री के शब्दों ने रमेश चंद तोमर को एक नई ऊर्जा दे दी।

# रामपुर से माफियाराज खत्म, पहले चाकू हिंसा के लिए था मशहूर, अब यहां का वायलिन दुनिया में फेमस

**रामपुर।** रामपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भमौरा के शिव मंदिर को नमन करते हुए अपनी बात शुरू कर राजा राम सिंह को कठौरिया को भी याद किया। उन्होंने कहा कि एक वक्त था जब रामपुर में कानून की हालत बदतर थी। कारोबारी लगातार यहां से पलायन कर रहे थे। यहां माफिया राज हावी था। आज हमारी बेटियां बिना डर के कॉजेल जा रही है। यह तस्वीर मोदी और योगी के कारण बदली है। रामपुर का इलाका विकास की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रामपुर का चाकू हिंसा के लिए मशहूर था। आज यहां का वायलिन दुनिया में फेमस है। बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चार सौ पार सीट जीतकर फिर से नरेंद्र मोदी को पीएम बनाना है। इसलिए घनश्यान लोधी को संसद पहुंचाना जरूरी है। आज लोगों में आत्मविश्वास बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने राजनीति का कल्चर बदल दिया है। कहा कि घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है। मोदी ने कहा, देश से भ्रष्टाचार हटाओ। इंडी गठबंधन कह रहा भ्रष्टाचार बचाओ। कांग्रेस के शासन में कोयला घोटला, टूजी घोटाला और हेलीकॉप्टर घोटाला हुआ। इस सरकार ने तीनों लोक में भष्ट्राचार किया। इसके अलावा अखिलेश यादव लेपटॉप घोटाला, लालू यादव चारा घोटाला, डीएमके ने बालू घोटाला और अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में शामिल रहे हैं। यह पूरा घमंडिया गठबंधन बेल पर है। मंच पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, प्रत्याशी घनश्याम लोधी, जेपीएस राठौर, बलदेव सिंह औलख, हंसराज, जयवंत सैनी, हरिसिंह ढिल्लो, विधायक आकाश सक्सेना मौजूद रहे। इंडी एलायंस घमंडिया गठबंधन भाजपा के



राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस घमंडिया गठबंधन है। इनके नेता जेल में या फिर बेल पर हैं। इसके अलावा सरकार की योजनाओं के बारे में किसान, नौजवान, व्यापार और सुरक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए सरकार की उपलब्धि गिनाई। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अरविंद केजरीवाल और आजम खां सहित अन्य पर जमकर वार किए। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के फैसले का स्वागत जेपी नड्डा ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रामपुर की पुरानी तस्वीर याद है, जब बहु बेटी सुरक्षित नहीं थी। व्यापारी दुकान समय से पहले बंद कर देते थे। कॉलेज जाने वाली छात्राओं के घर आने तक परिवार वाले डरते रहते थे। आज बेटियां बेखौफ होकर कॉलेज जा रहीं हैं। यह तस्वीर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण बदली है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत रामपुर आगे बढ़ रहा है। भारत तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनेगा नड्डा ने कहा रामपुर में ज्वाला नगर में स्वनिधि गलियारा पूरे यूपी में एक नया रास्ता दिखाता है। हर गांव में पक्की सड़क और बिजली पहुंचाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति की संस्कृति का ढांचा बदल डाला है। पहले लोगों को बांट कर राजनीति की जाती थी। आज सबका साथ, सबका विकास के रास्ते पर देश आगे बढ़ रहा है। आज भारत पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। 2024 के बाद 2027 में भारत तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट छह गुना बढ़ा है। हम जापान को पछाड़कर ऑटोमोबाइल में तीसरे नंबर पर है। जनधन योजना 28 करोड़ बहनों के खाते खुले हैं। मोदी ने गांव, गरीब, युवा , दलित, आदिवासी, किसान, हर वर्ग की चिंता की। आज भारत 80 करोड़ जनता को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। 15 करोड़ उत्तर प्रदेश के बहन भाई भी इसका फायदा उठा रहे हैं। 25 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। किसान सम्मान निधि 11 करोड़ 71 लाख किसानों को दो-दो हजार रुपये मिल रहा है। उप्र में दो करोड़ 50 लाख किसानों भी इससे लाभान्वित हो रहे हैं। उज्जवला योजना से 10 करोड़ महिलाओं को फायदा मिला है। जल जीवन मिशन का 11.5 करोड़ लोग फायदा उठा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की 10 सिटी स्मार्ट सिटी बन गई हैं। गोरखपुर में एम्स बन रहा है। इसके अलावा 27 नए मेडिकल कॉलेज भी तैयार किए जा रहे हैं। देश भर में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है जो यूपी से होकर गुजर रहे हैं।

## सचिन पायलट बोले- पार्टी और सरकार नहीं लोकतंत्र महत्वपूर्ण चीज
### सबसे ज्यादा झुंझुनूं को लेकर चिंतित



**झुंझुनूं।** झुंझुनूं लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विजेंद्र सिंह ओला के समर्थन में सभा करने पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा, बीजेपी झुंझुनूं की सीट को लेकर चिंतित है। गैर कांग्रेसी सरकार प्रदेश में पहले भी बनी है। संवैधानिक संस्थाओं को हमने कभी भी मजबूर करने का काम नहीं किया। बीजेपी सरकार ने संस्थाओं को कमजोर किया है। इस दौरान पायलट ने बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को धन्यवाद दिया। पायलट ने कहा, लोकतंत्र में विपक्ष खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी और सरकार महत्वपूर्ण नहीं है, इस देश में लोकतंत्र महत्वपूर्ण है। इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम से बीजेपी करोड़ों रुपये की वसूली कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर बीजेपी को 400 पार का इतना ही आत्मविश्वास है तो क्यों कांग्रेस के लोगों को बीजेपी में जोड़ रहे हैं। पायलट ने कहा, मोदी जी क्यों पानी पी-पी कर रोज राजस्थान आ रहे हैं। उन्हें पता है कि यहां से उनको कुछ मिलने वाला नहीं है। इससे पहले नवलगढ़ पूर्व विधायक राजकुमार शर्मा, बुहाना प्रधान हरि कृष्णा यादव, सिंघाना पालिका अध्यक्ष विजय पांडे, कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सुंडा खेतड़ी, पालिका चेयरमैन गीता सैनी, पीसीसी सदस्य सोनिया सिंह, पूर्व प्रधान बाबा जसनाथ मंच पर पहले से मौजूद रहे। बता दें सचिन पायलट एक साल बाद दूसरी बार खेतड़ी आए हैं।

## न्यूज डायरी

### 'विदर्भ की स्थिति महायुति के अनुकूल', पीएम मोदी की रैली से पहले देवेंद्र फडणवीस ने किया दावा



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को बताया कि विदर्भ की स्थिति महायुति के लिए अनुकूल है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक रैली इस अनुकूलता को गठबंधन की बड़ी जीत में बदल देगी। मीडिया से बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि कुछ सीटों पर सीट बंटवारे की बात अभी बाकी है। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में इन सीटों पर मतदान होगा। विदर्भ के चंद्रपुर में पीएम मोदी की रैली को लेकर लोग बहुत उत्साह है। उन्होंने कहा, विदर्भ की स्थिति भाजपा और महायुति के अनुकूल है। लेकिन पीएम मोदी की रैली के बाद यहां बड़ी जीत मिलेगी। इस महायुति में भाजपा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सिवसेना और अजित पवार की राकांपा शामिल है। पिछले महीने महाराष्ट्र नवनिर्माण (एमएनसी) के प्रमुख राज ठाकरे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इस पर फडणवीस ने कहा, भाजपा ने एमएनसी से बात की थी। जब से एमएनसी ने हिंदुत्व का एजेंडा अपनाया था, तब से भाजपा और एमएनसी करीब है। फडणवीस ने कहा, मुझे यकीन है कि राज ठाकरे भाजपा और महायुति का समर्थन करेंगे। यह उनकी पार्टी ही निर्णय करेगी। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि वह हमारा समर्थन करेंगे।

### 2016 में पीएम मोदी ने कहा था- पवार की उंगली पकड़कर सीखा काम, अब बदल लिया रवैया



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि जो पीएम नरेंद्र मोदी आज अलग रवैया अपना रहे हैं, वही पीएम ने 2016 में कहा में कहा था कि पवार साहब ने मेरी उंगली पकड़ी थी। मैं अब तक जो कुछ किया, वह सब उन्हीं ने सिखाया है। उन्होंने कहा कि बहुत आश्चर्य की बात है कि अब उनका रवैया अलग हो गया है। बारामती में 7 मई को मतदान होना है। महाराष्ट्र के पुणे में बारामती लोकसभा क्षेत्र में संसदीय चुनाव की एक सभा में पवार में पीएम मोदी पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जब मैं केंद्रीय मंत्री था और नरेंद्र मोदी गुजरात मुख्यमंत्री तब मैंने बिना पार्टी नहीं लोगों की जरूरत देखते हुए गुजरात के किसानों की मदद की थी। यहां तक कि एक बार जब नरेंद्र मोदी ने बारामती में अपने भाषण में इस बात का जिक्र भी किया था कि मैंने उनकी उंगली पकड़ी था, उनको काम भी सिखाया। लोकतंत्र है या तानाशाही राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने अरविंद केजरीवाल मामले पर उन्होंने कहा कि आलोचना करने वाले को इस सरकार में जेल में डाल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंर सोरेन हों या दिल्ली के अरविंद केजरीवाल। शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज करते 'निजी हमलों' और अलग विचारधारा रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई पर कहा कि क्या यह लोकतंत्र है ? नहीं यह तानाशाही है। उन्होंने कहा कि सत्ता जब एक हाथ में आ जाती है तो वह भ्रष्ट हो जाती है। अधिक लोगों के हाथ में सत्ता होने पर वह गलत रास्ते पर नहीं जा सकती। बारामती सीट पर ननद-भाई की लड़ाई बारामती लोकसभा सीट पर पारिवारिक लड़ाई चल रही है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने बारामती सीट पर बेटी सुप्रिया को उतारा है। साथ ही बेटी की जीत सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने कई दशक पुरानी अपनी सियासी दुश्मनी को भुलाते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनंतराव थोपटे से हाथ मिलाया है। वहीं दूसरी ओर एनसीपी अजित गुट ने सुप्रिया सुले के खिलाफ भाभी सुनेत्रा पवार को चुनावी मैदान में उतारा है।

### सिवनी में राहुल गांधी ने आदिवासी और वनवासी में बताया अंतर, बीजेपी पर साधा निशाना



**सिवनी।** सिवनी पहुंचे राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब यहां दूर-दूर से मेरी बात सुनने आए हैं। यहां आदिवासी वर्ग के काफी सारे लोग मौजूद हैं, कांग्रेस पार्टी आपको आदिवासी कहती है, दूसरी ओर बीजेपी, पीएम मोदी और अमित शाह आपको वनवासी कहते हैं। राहुल ने कहा कि इन शब्दों के पीछे दो अलग-अलग विचारधारा है। आदिवासी शब्द का मतलब, वो लोग जो इस देश के इस जमीन के पहले मालिक थे। उन्होंने कहा कि अगर आप पहले मालिक थे, तो जमीन, जल, जंगल, देश के धन पर आपका हक बनता है। वहीं वनवासी का मतलब वो लोग जो जंगलों में रहते हैं, वनवासी शब्द के पीछे एक विचारधारा है। सबसे पहले आपका जो इतिहास है, आपकी भाषाएं हैं, आपके जीने का जो तरीका है, उसको ये शब्द मिटाने की कोशिश करता है। दूसरी ओर जब हम आपको वनवासी कहते हैं तो उसके अंदर ये छिपा हुआ है कि वनवासियों को ना जमीन का ना जल और ना ही जंगल का अधिकार मिलना चाहिए। क्योंकि वनवासी का मतलब आप जंगल में रहते हो, जंगल में आपको कैसे अधिकार मिलेगा।

### कंगना से मुकाबले के लिए युवा नेता विक्रमादित्य को मंडी से चुनाव लड़ाने का विचार

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि मंडी संसदीय सीट से किसे पार्टी प्रत्याशी बनाया जाएगा, यह अभी फाइनल नहीं हुआ है। कंगना से मुकाबले के लिए युवा मंत्री विक्रमादित्य सिंह को पार्टी उम्मीदवार बनाने को लेकर विचार है। दिल्ली से लौट कर आई प्रदेश कांग्रेस प्रतिभा सिंह ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा की प्रत्याशी कंगना युवा है। उनकी उम्र शायद 36-37 साल है, विक्रमादित्य 34 साल के हैं। आयु का फैक्टर महत्वपूर्ण है। एक उम्र के प्रत्याशियों में मुकाबला करने के लिए विक्रमादित्य सिंह को लेकर चर्चा हुई है। विक्रमादित्य सिंह के साथ युवा जुड़े हुए हैं, अपनी बातों को बेहतर तरीके से वो रखते हैं। मंडी महत्वपूर्ण सीट हैं। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाजपा प्रत्याशी पर आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि मैं मंडी से वर्तमान में सांसद हूं, मेरा टिकट काटना भी आसान नहीं है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए हिना परवीन ने बनाई 56 इंच की बांसुरी, अपने हाथों से करना चाहती हैं भेंट





**पीलीभीत।** पीलीभीत के मोहल्ला बशीर खां की रहने वाली हिना परवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 56 इंच की बांसुरी तैयार की है। इस बांसुरी को बनाने में दो से तीन दिन का समय लगा है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को शहर के ड्रमंड इंटर कॉलेज में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। हिना परवीन ने बताया कि वह चाहती हैं कि पीलीभीत जिले की पहचान बांसुरी को प्रधानमंत्री को भेंट किया जाए। हालांकि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के मंच पर पहुंचने की अनुमति नहीं है। प्रधानमंत्री को बांसुरी भेंट करने के लिए हिना परवीन ने भाजपा जिलाध्यक्ष से बात की है। विश्व की सबसे लंबी बांसुरी राम मंदिर अयोध्या भेजी हिना परवीन और उनके परिवार के सदस्य विश्व की सबसे लंबी बांसुरी बना चुके हैं। इस बांसुरी को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या धाम ले जाया गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ब्रज प्रांत के प्रचारक हरीश रौतेला ने इस बांसुरी का पूजन किया था। इस बांसुरी की लंबाई 21.6 फुट है, जिसे वहां के संग्रहालय में रखा गया है। इससे पहले उन्होंने 16 फुट लंबी बांसुरी बनाई थी। अब प्रधानमंत्री को भेंट करने के लिए हिना परवीन ने 56 इंच की बांसुरी तैयार की है। इस बांसुरी पर विशेष रूप से सजावट की गई है। फिलहाल उन्हें मंच पर जाने की अनुमति नहीं मिली है। हिना का कहना है कि वह प्रधानमंत्री की सभा में जाएंगी। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम प्रधानमंत्री की चुनावी सभा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। शहर और अन्य प्रमुख मार्गों की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। हेलीपैड से लेकर सभास्थल के आगे छतरी चौराहे तक सुबह छह बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक वाहनों को प्रवेश नहीं मिलेगा। शहर के कई अन्य मार्गों पर भी आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। एसपी अविनाश पांडेय ने बताया कि यातायात संबंधी किसी भी समस्या के लिए यातायात प्रभारी राघवेंद्र सिंह चौहान से मोबाइल नंबर 9454404104 पर संपर्क किया जा सकता है।

## 59 प्रत्याशियों को पटखनी देकर संसद पहुंचा भगवा रथ, 38 प्रतिशत मतों के साथ भाजपा सांसद ने दर्ज की जीत



**अयोध्या।** 90 के दशक में श्रीराम मंदिर आंदोलन तेज हुआ तो अयोध्या (पहले फैजाबाद) जिले समेत मंडल की सियासत में मानो उबाल आ गया। इनमें 1996 का लोकसभा चुनाव काफी रोचक रहा, जिसमें भगवा रथ को रोकने के लिए जिले में सर्वाधिक 59 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे। इस सब के बावजूद भाजपा के फायर ब्रांड नेता रहे विनय कटियार ने सभी को पटखनी दी। भगवा रथ वायु वेग से संसद पहुंच गया, वहीं मंडल के अन्य जिलों में भी मुकाबला रोचक रहा।

जिले में 1980 तक होने वाले लोकसभा चुनावों में प्रमुख राजनीतिक दलों के अलावा इक्का-दुक्का प्रत्याशी ही चुनाव लड़ते थे। उसके बाद से सांसद बनने के सपने देखने वालों की संख्या बढ़ने लगी। 1991 में श्रीराम मंदिर आंदोलन के दौरान जब चुनाव हुआ तो भाजपा ने विनय कटियार को मैदान में उतारा। भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए सीपीआई से मित्रसेन यादव व कांग्रेस से निर्मल खत्री समेत 30 प्रत्याशी चुनाव लड़े, लेकिन विनय कटियार 37.74 प्रतिशत मत पाकर जीत गए।

अगला चुनाव 1996 में हुआ तो भगवा रथ को रोकने के लिए सारे रिकॉर्ड टूट गए। भाजपा ने विनय कटियार को ही प्रत्याशी बनाया तो सपा के मित्रसेन यादव, बसपा के इकबाल खान, कांग्रेस के यदुवंश राम त्रिपाठी समेत 59 और प्रत्याशी ताल ठोंकने लगे। पहली और शायद आखिरी बार इतनी संख्या में प्रत्याशियों के प्रचार को देखकर जनता भी दंग रह गई। हर गली-कूचे में चुनावी शोर दिन-रात सुनाई पड़ने लगा और चुनाव बेहद रोचक हो गया।

भाजपा ने सभी 59 प्रत्याशियों को चित कर दिया। इस चुनाव में विनय कटियार को 2,17,038 व मित्रसेन को 1,90,736 वोट मिले। 81,894 मतों के साथ बसपा तीसरे व 9,881 मतों के साथ कांग्रेस चौथे पायदान पर पहुंच गई। निर्दल लड़े मोहम्मद जलील व रामकुमार पाठक ने भी एक फीसदी वोट बटोरा। इसके अलावा लगभग 50 प्रत्याशी 0.5 प्रतिशत वोट भी नहीं पा सके और जमानत तक जब्त हो गई।

## बरेली में बसपा की चुनावी सभा : भाजपा, सपा और कांग्रेस पर बरसे आकाश आनंद, कार्यकर्ताओं में भरा जोश




**बरेली।** बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने सोमवार को बरेली में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा, सपा और कांग्रेस पर जुबानी हमला बोला। सपा पर निशाना साधते हुए बोले कि जो इनके लिए वोट डालता है उसके लिए लड़ नहीं सकते। इनको वोट डालना मतलब अपने समाज के खिलाफ वोट डालना।

आकाश आनंद ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि आरक्षण दिलाएंगे लेकिन उन्हें पता नहीं कि बहन जी ने उन्हें आरक्षण दिला दिया है। कांग्रेस की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है यह बताने का कि हाथी न झुकेगा न रुकेगा, हमेशा आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बोला है कि समाज में जाएं तो काम लेकर जाएं।

आकाश आनंद ने कहा कि 25 दलों को साढ़े 16 हजार करोड़ रुपये चुनावी चंदा मिला। बसपा को एक रुपया नहीं मिला। बसपा पूरे देश में धन्नासेठ के सहारे नहीं, कार्यकर्ता के बल पर चुनाव लड़ेगी। बसपा का कार्यकर्ता किताब (संविधान) को अपना कर्तव्य समझता है। उन्होंने कहा कि भाजपा से पूछना है, शिक्षा के लिए आपने क्या किया, रोजगार और सुरक्षा के लिए सरकार ने क्या किया। तीनों ही समाज के लिए सबसे अहम है।

### पेपर लीक का मुद्दा उठाया

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में रोजगार नहीं है। पेपर लीक ही हुआ है। युवाओं को परीक्षा से नौकरी की उम्मीद होती है, लेकिन खबर आती है कि पेपर लीक हो गया। यह सरकार का बहाना है। आठवीं के छात्र गणित का सवाल नहीं हाल कर पाते। स्कूलों में कंप्यूटर नहीं है, डिजिटल इंडिया का दावा हवाई है। शिक्षा और भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। आकाश आनंद ने कहा कि 80 करोड़ को मुफ्त राशन देने का दावा भाजपा सरकार करती है तो उनसे पूछो कि 10 साल में रोजगार बढ़ाने के लिए क्या किया। आखिर राशन देने की नौबत क्यों आई। आखिर इसकी कीमत कौन देगा, आने वाले दिनों में बच्चों को देनी होगी। पूरे साल में छह हजार का राशन भी नहीं मिलता, उसके बदले नौकरी देते।

उन्होंने कहा कि ये लोग न शिक्षा, न रोजगार दे पाए। सुरक्षा पर बात करें तो वहां भी सरकार फेल है। रात में आठ बजे के बाद लड़कियों को घर से बाहर न निकलने की बात सरकार की बेशर्मी है। आखिर किस बात पर अखंड भारत का दावा करते हैं। आप से बड़ा देशद्रोही नहीं, जो अवाम को अपने पैरों पर खड़ा नहीं कर पाई।

## कांग्रेस छोड़ बसपा का दामन थामे बालकृष्ण चौहान घोसी से लड़ेंगे चुनाव



**मऊ।** मऊ जिले की घोसी लोकसभा सीट को लेकर बसपा के प्रत्याशी को लेकर कयास खत्म हो गई। चार दिन पहले कांग्रेस छोड़कर बसपा का दामन थामे पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को बसपा ने घोसी से प्रत्याशी घोषित किया है। इससे पहले दोनों मुख्य राजनीतिक पार्टी भाजपा और सपा पहले ही अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। बालकृष्ण चौहान बसपा से ही 1999 में घोसी सीट से चुनाव जीत चुके हैं। घोसी सीट पर सबसे पहले भाजपा ने गठबंधन यानी सुभासपा के अरविंद राजभर को प्रत्याशी घोषित किया था, उसके कुछ दिन बाद सपा ने राजीव राय को प्रत्याशी घोषित किया। उधर, दोनों मुख्य राजनीतिक पार्टी द्वारा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद से बसपा के प्रत्याशी के तौर पर पार्टी के एक मुसलमान नेता का नाम आगे चल रहा था, लेकिन इस बीच बीते चार अप्रैल को कांग्रेस में शामिल बालकृष्ण चौहान ने पार्टी से इस्तीफा देकर बसपा को ज्वाइन कर लिया। चार दिन बाद बालकृष्ण चौहान को बहुजन समाज पार्टी ने घोसी लोकसभा से अपना प्रत्याशी बनाया है। सोमवार को नगर के गाजीपुर तिराहा स्थित एक प्लाजा में बहुजन समाज पार्टी के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बकायदा बसपा कोऑर्डिनेटर घनश्याम चंद खरवार ने घोषणा की। प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान ने कहा कि मैं भले ही कुछ समय के लिए बसपा छोड़ दिया था, लेकिन बसपा में मेरी आत्मा हमेशा रही है। ऐसे में एक बार फिर मैंने इस पार्टी में वापसी की, जहां पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताते हुए घोसी लोकसभा से बसपा का उम्मीदवार बनाया। मैं बसपा की नीतियों को घर-घर जाकर जनता को बताने के साथ उनका आशीर्वाद प्राप्त करूंगा।

## एनआईए अधिकारियों पर हमले को लेकर ममता बनर्जी का एजेंसी पर निशाना, कहा- पुलिस को बिना बताए की छापेमारी



ममता बनर्जी ने बांकुरा में रैली को संबोधित करते हुए भूपतिनगर विस्फोट मामले की जांच के दौरान एनआईए अधिकारियों पर हुए हमले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रैली के दौरान बताया कि एनआईए स्थानीय पुलिस को बिना बताए छापेमारी करने गई थी। इससे पहले भी इस मामले को लेकर ममता ने कहा था कि केंद्रीय जांच एजेंसियां ईडी, एनआईए और सीबीआई, भाजपा के लिए काम कर रही हैं और बिना किसी जानकारी के छापेमारी कर रही हैं। रैली में उन्होंने इस मामले को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है जून के बाद सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डालना। इस मामले में अबतक क्या-क्या हुआ बीते हफ्ते एनआईए की टीम भूपतिनगर में साल 2022 में हुए बम धमाके के मामले में छापेमारी करने और दो आरोपियों (मनोब्रतो जाना और बालीचरन मैती) को गिरफ्तार करने पहुंची थी। इस दौरान जब एनआईए टीम दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लौट रही थी, तो स्थानीय लोगों ने एनआईए टीम पर पथराव किया। जिसमें एनआईए की गाड़ियों के शीशे टूट गए और कई अधिकारी घायल हुए। शनिवार को एनआीए की टीम 2022 में हुए भूपतिनगर विस्फोट मामले की जांच के लिए पूर्वी मिदनापुर पहुंची। उन्होंने इस मामले में जाना की पत्नी ने एनआईए के अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि एनआईए की टीम जबरन उनके घर में घुसी और उनके घर में तोड़-फोड़ की। जाना की पत्नी ने एनआईए टीम पर उसका शील भंग करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। एनआईए ने भी स्थानीय पुलिस में उनके अधिकारियों पर हुए हमले को लेकर मामला दर्ज कराया है। हालांकि, अभी तक बंगाल पुलिस ने इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की है। टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी केंद्रीय जांच एजेंसियों और भाजपा की मिलीभगत का आरोप लगाया। टीएमसी का आरोप है कि बंगाल भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बीती 26 मार्च को एनआईए के सुपरीटेंडेंट से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में टीएमसी के नेताओं की लिस्ट दी है, जिन्हें गिरफ्तार किया जाना है। एनआईए ने टीएमसी के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। एजेंसी ने दावा किया है कि उनकी टीम ने कानून के दायरे में रहकर ही छापेमारी की थी। पीएम मोदी के बयान पर ममता बनर्जी का पलटवार बांकुड़ा में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों को सजा दिलाने के वादे का मतलब लोकसभा चुनाव के बाद सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डालना है। दरअसल, देशभर में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को जारी होंगे। रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, प्रधानमंत्री चुनावी रैलियों को संबोधित करने के लिए बंगाल आ रहे हैं। मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन जिस तरह से उन्होंने लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद भ्रष्टाचार को लेकर विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही, इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। रविवार को जलपाईगुड़ी में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया था कि जब वे कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ, तब विपक्ष कहती है भ्रष्टाचार बचाओ। उन्होंने जनता से वादा किया कि लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद भ्रष्टाचार को लेकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीएम मोदी के इस बयान पर ममता बनर्जी ने पलटवार करते हुए कहा, क्या किसी प्रधानमंत्री को ऐसे बोलना चाहिए? क्या होता अगर मैंने कहा होता कि मैं सभी भाजपा के नेताओं को जेल में डाल दूंगी। लेकिन मैं ऐसा नहीं कहूंगी, क्योंकि लोकतंत्र में इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, ₹मोदी की गारंटी का मतलब विपक्ष के सभी नेताओं को जेल में डालना है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# नाम वापसी के अंतिम दिन नहीं हुआ किसी का नामांकन वापस

## 14 प्रत्याशियों के बीच होगा लोकसभा का चुनाव, सिंबल हुए आवंटित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए नामांकन की प्रक्रिया और नाम वापसी का चरण सोमवार को समाप्त हो गया। सोमवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था लेकिन लोकसभा प्रत्याशियों के लिए जो 14 नाम सामने आए उसमें से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र वापस नहीं लिया है। जिसके बाद अब गाजियाबाद लोकसभा सीट पर प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ राज्य राजनीतिक दल के कुल 14 प्रत्याशियों के बीच चुनावी समर संपन्न होने वाला है। बता दें कि गाजियाबाद में 26 अप्रैल को मतदान होगा, तो लोकसभा की मतगणना 4 जून को होनी है। इसके बाद परिणाम जारी किया जाएगा।




**गाजियाबाद में लगभग 29 लाख 40 हजार के आसपास मतदाता करेंगे 26 अप्रैल को मतदान**

### यह 14 नाम हैं अभी मैदान में

**करंट क्राइम :** लोकसभा चुनाव के लिए गाजियाबाद में 26 अप्रैल को मतदान होना है। नामांकन की



प्रक्रिया के बाद स्कूटनी की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी की ओर से अतुल गर्ग, इंडियन नेशनल कांग्रेस से डॉली शर्मा, बहुजन समाज पार्टी से नंदकिशोर पुंडीर, राष्ट्र निर्माण पार्टी से आनंद कुमार, राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी से अंशुल गुप्ता, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी से धीरेंद्र सिंह भदोरिया, समाज विकास पार्टी की ओर से नमह, राइट टू रिकॉल पार्टी से पूजा, तो वहीं निर्दलीय के रूप में अभिषेक पुंडीर, अवधेश कुमार, औरंगजेब, कविता, नत्थू सिंह चौधरी और रवि पांचाल का नाम सामने आया है।

### पिता, पुत्र और पत्नी भी हैं चुनाव मैदान में आमने-सामने

**करंट क्राइम :** गजियाबाद लोकसभा सीट में इस बार एक दिलचस्प मुकाबला भी देखने को मिलेगा। लोकसभा चुनाव में



जो 14 प्रत्याशी हैं उसमें से तीन प्रत्याशी ऐसे भी हैं जो एक ही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उसमें पिता, पत्नी और पुत्र भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर चुनाव मैदान में हैं। तो उनके पुत्र अभिषेक पुंडीर निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ रहे हैं और नंदकिशोर पुंडीर की पत्नी व अभिषेक की मां कविता भी चुनावी मैदान में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी ताल ठोंक रही हैं। कुल मिलाकर तीनों ही जीत के लिए दम लगा रहे हैं और एक दूसरे के बीच टक्कर भी बता रहे हैं।






# राइट को लेकर निगम और फर्म के बीच लीगल फाइट

## नहीं चला सिग्नल तो निगम ने दर्ज करा दी एफआईआर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम और ट्रैफिक सिग्नल की देखरेख तथा संचालन करने वाली कंपनी शिव शक्ति ड्रीम होम के बीच लीगल राईट को लेकर फाईट की स्थिति आ गई। नगर निगम ने ट्रैफिक सिग्नल पर लगे कंपनी के होर्डिंग हटा दिये तो कंपनी ने ट्रैफिक सिग्नल की देखभाल करने वाले स्टॉफ को वापस बुला लिया। अब इस मामले में जहां निगम ने फ र्म के चार संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है वहीं शिव शक्ति ड्रीम होम भी अपने कानूनी अधिकार के साथ इस मामले में निगम को कोर्ट में ले जाने की तैयारी में है। गौरतलब है कि नगर निगम गाजियाबाद व शिव शक्ति ड्रीम होम कंपनी के मध्य बीओटी आधार पर ट्रैफिक सिग्नल के देखरेख और संचालन हेतु एक अनुबंध 6 वर्ष की अवधि के लिए वर्ष 2017 में किया गया था। नगर निगम के विज्ञापन प्रभारी अपर नगर आयुक्त द्वारा दर्ज एफआईआर में ये कहा गया है कि 6 वर्ष की अवधि समाप्त होने पर इस अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया और फर्म द्वारा टैफिक सिग्नल का संचालन करते हुए यूनीपोल पर विज्ञापन प्रदर्शन का कार्य किया जाता रहा। फर्म को अनुबंध की समयावधि समाप्त होने पर टैफिक सिग्नल के हस्तान्तरण हेतु निर्देशित करने के बाद भी फर्म द्वारा टैफिक सिग्नल का कंट्रोल नगर निगम को हस्तान्तरित नहीं किया गया। एफआईआर में दर्ज कराया गया है कि शहर में स्थापित सभी टैफिक सिग्नलों को बंद कर दिया गया है जिससे यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गई है जिससे जनमानस बुरी तरह प्रभावित हो गया है। एफआईआर में शिव शक्ति ड्रीम होम कंपनी के पार्टनर हरीश शर्मा, सुश्री गुंजन शर्मा, कपिल मोहन गुप्ता और तरूण शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और कार्यवाही करने की बात कही गई है।

### रेड लाइट वही, खंभे वही, बैट्री वही तो कैसे ध्वस्त हो गया सिस्टम

**करंट क्राइम।** वहीं इस मामले पर शिव शक्ति ड्रीम होम के निदेशकों का कहना है कि सबसे पहले नगर निगम ये बताये कि उन्होंने होर्डिंग क्यों हटा दिये। जिस तहरीर में कंपनी पर ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था ध्वस्त करने का आरोप लगाया गया है वह ट्रैफिक सिग्नल भी वही हैं और रेड लाइट भी वही हैं, खंभे भी वही हैं। बेट्री बैकअप भी वही है और पॉवर बैकअप भी वही है तो कंपनी ने सिस्टम कैसे ध्वस्त कर दिया। नगर निगम ने बिना सूचना के यह होर्डिंग हटाये। जबकि वहीं पर बैट्री और सामान रखने का हट वहीं है। जब निगम ने होर्डिंग ने हटा लिये तो कंपनी ने स्टॉफ बुला लिया। अब यह निगम की जिम्मेदारी है और वह कंपनी पर गलत आरोप लगा रहे हैं।

### अगर नगर निगम केस जीता था तो सुप्रीम कोर्ट में क्यों दायर की याचिका

**करंट क्राइम।** कंपनी का कहना है कि नगर निगम इस के स को हाईकोर्ट में हार चुका है। अगर वह हाईकोर्ट में केस नहीं हारा है तो सुप्रीम कोर्ट में क्यों याचिका दायर हुई है। कंपनी निवेशकों का कहना है कि इस मामले में अदालत की शरण ली जायेगी। जो अनुबंध 2017 में हुआ था उसमें हमारा कार्य संतोषजनक होने पर अनुबंध को 6 साल बढ़ाने की शर्त थी। हमारा कार्य पूरे कार्यकाल में संतोषजनक रहा और संतोषजनक के प्रमाण पत्र भी निगम द्वारा और ट्रैफिक विभाग द्वारा हमें दिये गये हैं। 6 साल पूरे होने पर हमने उच्च न्यायालय में रिट दाखिल की थी। तब निगम ने अपना आर्डर वापस लिया था और हाईकोर्ट ने केस को डिस्पोज कर दिया था। नगर निगम हारने के बाद सुप्रीम कोर्ट गया और 22 मार्च को नोटिस जारी हुआ जिसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने 9 अप्रैल 2024 की डेट फिक्स की।

### गुंजन शर्मा और तरुण शर्मा नहीं हैं शिव शक्ति ड्रीम होम में किसी पद पर

**करंट क्राइम।** शिव शक्ति ड्रीम होम के डॉयरेक्टर हरीश शर्मा का कहना है कि नगर निगम द्वारा चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है और इनमें से दो लोग कंपनी में ही किसी पद पर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सुश्री गुंजन शर्मा और तरूण शर्मा ना तो फर्म में पार्टनर हैं और ना ही वे किसी अन्य पद पर हैं। जो व्यक्ति फर्म में ना संचालक है, ना निदेशक है उसके नाम से एफआईआर दर्ज करायी जा रही है।

# ट्रांस हिंडन पुलिस ने वैगनआर कार से बरामद किए 6 लाख रुपए, पूछताछ जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने एफएसटी गठित कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इसी कड़ी में सोमवार की रात ट्रांस हिंडन जोन पुलिस को शालीमार गार्डनक्षेत्र अंतर्गत भौपुरा के निकट एक वैगनरआर कार छह लाख रुपए बरामद हुए। वैगनआर कार पारस गर्ग निवासी शालीमार गार्डन की बताई जा रही है। पुलिस ने उनके पास से लगभग 6 लाख चार सौ रुपए बरामद किया है। जिसमें 500, 200, 100 और 50 के अलग-अलग नोट बरामद हुए हैं। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि पारस गर्ग और उनके परिजनों से बातचीत की जा रही है कि यह पैसा किस लिए लेकर आ रहे थे। फिलहाल अभी वह कोई ठीक जवाब नहीं दे पाए हैं। पुलिस ने पैसा जमा करते हुए उनसे पूछताछ की जा रही है। बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव में कोई पैसों का इस्तेमाल न करें, इसलिए पुलिस अलग-अलग थानाक्षेत्रों में फ्लाइंग स्क्वायड टीम बनाकर प्रतिदिन मजिस्ट्रेट चेकिंग करवा रही है। जिसमें 50 से अधिक की धनराशि कैश लेकर चलने वालों से पूछताछ और उनकी रकम को अपने कब्जे में लेने का अभियान शुरू कर दिया गया है। इससे पहले सिटी जोन के अंतर्गत घंटाघर कोतवाली पुलिस भी एक बड़ी धनराशि को पकड़े का काम कर चुकी है।



**भौपुरा बॉर्डर के पास फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने की थी जांच**

# नहीं दिया खर्चे का हिसाब, तो होगी कार्रवाई

## तीन डेट पर देना होगा अधिकारियों को पूरा ब्यौरा

### लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों के आए दिशा-निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों को प्रेक्षकों के निर्देश पर 15 अप्रैल, 19 और 23 अप्रैल को तीन चरण में सारा चुनावी व्यय का ब्यौरा देना होगा। इसमें दैनिक व लेखा पंजिका, नगद पंजिका, बैंक पंजिका, वाउचर, बैंक स्टेटमेंट की छाया प्रति तीन सेट के साथ ही जो बैंक स्टेटमेंट रहेगा वह एक दिन पहले तक का शामिल करना होगा। इसके लिए अधिकारियों ने तिथियां भी बता दी हैं। जिसमें सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक यह है दस्तावेज प्रत्याशियों को जमा कराने होंगे।

**आयोग की रहेगी हर खर्चे पर पैनी नजर :** करंट क्राइम : चुनाव संबंधी प्रक्रिया कर रहे अधिकारियों का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया में जो दस्तावेज जमा कराए जाएंगे उसपर चुनाव आयोग की भी पैनी नजर रहेगी। जो दस्तावेज जिला प्रशासन को मिलेंगे वह चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे ताकि आयोग की टीम भी उनका मूल्यांकन और उनकी वास्तविक स्थिति का अवलोकन कर सके।

### मिलेगा सिर्फ तीन बार का मौका

**करंट क्राइम :** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को अपने व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना होता है। इसके लिए उनको फॉर्म भरके पूरे दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे। इसके लिए प्रथम चरण में 15 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक। इसके साथ ही 19 अप्रैल और 23 अप्रैल को अंतिम चरण तक सभी व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए बाकायदा जो व्यय किया जाएगा उसके वाउचर भी उपलब्ध कराने होंगे। ऐसा ना करने वालों के खिलाफ आयोग के दिशा-निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से मुख्य रिटर्निंग ऑफिसर लैटर भी जारी करेंगे और लैटर का जवाब न देने पर नोटिस और विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

# लोकसभा के चुनावी रण में वो अपने तेवरों के साथ बनी हैं एक मजबूत सूरमा

## साधु-संतों का आशीर्वाद और जनता का स्नेह प्राप्त कर रही हैं डॉली शर्मा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव एक रण होता है और रण हमेशा योद्धाओं के लिए होता है। रण कभी कमजोर के लिए नहीं होता है। रण उनके लिए होता है जिनके इरादे अडिग होते हैं और जिनके बाजुओं में जोर होता है। लोकसभा का चुनावी रण है और इसमें जीत और हार से ज्यादा ये महत्वपूर्ण है कि इस लड़ाई को वीरों की तरह कौन लड़ रहा है। कांग्रेस ने यहां से डॉली शर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है। डॉली शर्मा ने अपने तेवरों से ये साबित कर दिया है कि वो एक सूरमा की तरह इस चुनाव में लड़ रहीं हैं। यहां सपा और कांग्रेस का गठबंधन है और यहां पर दोनों ही दलों के संगठन कितनी मजबूत टीम के साथ है ये सब जानते हैं।

मगर यहां पर डॉली शर्मा की तारीफ करनी होगी कि उन्होंने अपने चुनावी रण में रंग जमा दिया है। वो आस्था और श्रृद्धा से लेकर सामाजिक समरसता के सभी भावों से परिपूर्ण होकर इस चुनाव को लड़ रहीं हैं। जब एक तरफ भाजपा के लिए प्रधानमंत्री आ चुके हैं और बसपा के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आ गये हैं वहीं डॉली शर्मा इन सब बातों से बेखबर एक निडर योद्धा की तरह अपने चुनावी युद्ध को धार दे रहीं हैं। एक सधे हुए खिलाड़ी की तरह खेल रहीं हैं और उन्होंने अपने प्रचार से सभी का ध्यान खींचा है।

वो उस आस्था और श्रृद्धा के साथ मैदान में हैं जिसे शिव कहते है। वो अपनी पारम्परिक मूल्यों के साथ मैदान में हैं। जब नामांकन पत्र दाखिल किया तो पहले उन्होंने देवानिदेव महादेव शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। विधिवत पूजा अर्चना की। अपनी पारम्परिक परम्पराओं का पालन किया और फिर यज्ञ और हवन की आहूती के साथ उन्होंने चुनावी रण का आगाज किया। वो साधु संतो से मिल रहीं है उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहीं है और सामाजिक समरसता का ये आलम है कि वो चर्च वाली प्रार्थना सभा में भी मौजूद रहीं। सबसे बड़ी बात ये है कि डॉली शर्मा को सभी वर्गों का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है स्नेह मिल रहा है। यहां उन्हें चुनावी रण का सूरमा इसलिए भी कहा जा सकता है कि एक तरफ जहां भाजपा के पास पूरी फौज है तो वहीं डॉली शर्मा अपने इरादों के साथ मैदान में डट गई हैं। एक महिला के तेवरों के देखकर ये लग रहा है कि चुनावी शंखनाद के साथ-साथ उन्होंने इस चुनाव में सिंह गर्जना भी की है। कहीं से कहीं तक हौंसलों में कमी नहीं है। उनके हौंसलों को सही में सलाम है क्योंकि जिन परिस्थितियों में जिन हालातों में वो चुनाव लड़ रहीं है उन हालातों में कोई भी बिखर सकता है। लेकिन डॉली शर्मा ने ये दिखाया है कि विपरीत परिस्थितियों में किस तरह से यौद्धाओं की तरह जंग लड़ी जाती है। अपने पूरे चुनाव को बांध कर चल रही हैं। बाक्सपिता के फर्ज को पूरा कर रहे हैं यहां नरेन्द्र भारद्वाजकरंट क्राइम। नरेन्द्र भारद्वाज पुराने कांग्रेसी हैं और कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। वो कांग्रेस की लोकसभा उम्मीदवार डॉली शर्मा के पिता हैं। बेटी जब लोकसभा के रण में आई है तो यहां ये कहानी नरेन्द्र भारद्वाज के जिक्र के बिना अधूरी है। बेटी के साथ किस तरह कंधे से कंधा मिलाकर लड़ा जाता है इसकी मिसाल नरेन्द्र भारद्वाज बने हैं। उनका स्वास्थ्य इन दिनों ठीक नहीं है और कुछ महीने पहले बेटे के निधन के बाद से वो अब इस गम से भी नहीं उभरे हैं। पत्नि का भी उपचार चल रहा है और इन सब बातों के बावजूद वो अपनी पूरी हिम्मत को जुटाकर वो मैदान में आ गये हैं। बेटी के लिए वो पूरे चुनाव की कमान संभाल रहे हैं। अपने अनुभव का लाभ दे रहे हैं। एक पिता के रूप में उन्होंने वास्तव में ये दिखाया है कि पिता पुत्री के संबंधों की कैमिस्ट्री क्या होती है। वो अपने सारे गम और खराब स्वास्थ्य को एक तरफ रखकर पूरी ऊर्जा पूरे हौंसलों के साथ अपनी बेटी डॉली शर्मा को चुनाव लड़ा रहे हैं। अपने अनुभव का लाभ दे रहे हैं। बाक्ससियासत की आयरन लेडी के रूप में छाप छोड़ दी है डॉली शर्मा नेकरंट क्राइम। डॉली शर्मा राजनीति का युवा चेहरा हैं। कांग्रेस ने उन्हें मेयर का चुनाव लड़ाया और यहां उन्होंने जिन तेवरों के साथ चुनाव लड़ा उसके बाद वो राजनीति के फलक पर छा गईं। चुनाव हारना और जीतना अलग बात है लेकिन चुनाव को चुनाव की तरह लड़ना अलग बात है। डॉली शर्मा ने आयरन लेडी की तरह अपनी पहचान बनाई है। यही वजह है कि पार्टी ने उन्हें 2019 में लोकसभा चुनाव का टिकट दिया और फिर 2024 ने फिर पार्टी ने डॉली शर्मा को ही उम्मीदवार बनाया है। ये डॉली शर्मा का अपना व्यक्तित्व है कि सीट गठबंधन में होने के बाद भी यहां सपा और कांग्रेस ने कोई फामूर्ला नहीं लगाया है। कांग्रेस के टिकट पर सपा से कोई नेता नहीं आया है और कांग्रेस हाइकमान ने भी अपना भरोसा डॉली शर्मा पर जताया है।

डॉली शर्मा ने भी अपने अडिग इरादों से ये साबित कर दिया है कि वो गाजियाबाद की राजनीति की आयरन लेडी हैं। हालात कितने ही जटिल हों, परिस्थितियां कितनी भी विषम हो लेकिन ये सब उनके इरादों को कमजोर नहीं कर सकती है।







### इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने लिया सन्तों का आशीर्वाद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा सोमवार को श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर पहुंचीं और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करके उनसेआशीर्वाद मांगा। डॉली शर्मा ने दूधेश्वरनाथ मठ के महंत नारायणगिरी महाराज का भी आशीर्वाद लिया। इस मौके पर किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक अमित शर्मा भी उनके साथ मौजूद रहे। इसके अलावा डॉली शर्मा ने अपने कैम्प कार्यालय प्रह्लादगढ़ी-वसुंधरा स्थित भारद्वाज शिखर में अयोध्या के प्रख्यात संत महंत नृत्यगोपाल दासजी महाराज के उत्तराधिकारी स्वामी महेंद्र दास महाराज का सपरिवार आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उनके पिता पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज और माता श्रीमती विजयलक्ष्मी भारद्वाज ने भी स्वामी महेंद्र दास महाराज सेआशीर्वाद लिया।

## संपादकीय


# यक्ष प्रश्न-सा है पश्चिम बंगाल में निर्विघ्न चुनाव

अराजकता की जो हालत एक दशक पहले तक कभी उत्तर प्रदेश और बिहार की हुआ करती थी आज वही हालत पश्चिम बंगाल की है। पश्चिम बंगाल में एक प्रदर्शन के दौरान सत्तारुढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकताओं ने तत्कालीन कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के साथ जब बदसलूकी की थी। इस पर ममता ने कम्युनिस्ट सरकार को उखाड़ फेकने की शपथ ली थी। ममता ने हिंसा और अराजकता से गुजर रहे बंगाल को कम्युनिस्टों से मुक्ति दिलाई। कम्युनिस्टों के खिलाफ जिस आंदोलन से ममता ने सत्ता की सीढ़ियां चढ़ीं अब अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए ममता ने वही रास्ता अपना लिया है। संदेशखाली की घटना के बाद हाईकोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी ममता सरकार के खिलाफ की है, उससे जाहिर है कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था रसातल में जा रही है। ममता की पार्टी तृणमूल का एकमात्र उद्देश्य रह गया है अपने विरोधियों की आवाज बंद करना, इसके लिए चाहे गैरकानूनी तरीकों का इस्तेमाल ही क्यों न करना पड़ा। संदेशखाली मामले को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी टीएमसी को भी बेहद तल्ख लहजे में फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर संदेशखाली मामले में एक प्रतिशत भी सच है तो प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसकी जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। अदालत ने कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार को खुद से नैतिक जिम्मेदारी लेना चाहिए।

देश में पश्चिम बंगाल ऐसा राज्य है जहां राज्यपाल ने केंद्र सरकार को कई बार बिगड़े हालात की जानकारी दी है। विपक्षी दलों के शासित राज्यों में भी राज्यपालों और सत्तारुढ़ दल की सरकारों में अनबन होती रहती है, किन्तु संवैधानिक पद पर रहते हुए जितने खराब संबंध पश्चिम बंगाल में रहे हैं, उतने किसी भी राज्य में नहीं रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी सभा में कहा कि जो लोग संदेशखाली की महिलाओं के उत्पीडनन्न के जिम्मेदार हैं, उनको अब अपना बाकी जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हाल ही में पूरे देश ने देखा कि कैसे टीएमसी और राज्य सरकार ने संदेशखाली की महिलाओं का शोषण करने वाले लोगों को बचाया। लेकिन उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिन लोगों ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है, उन्हें अब अपना शेष जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा। चुनावी प्रचार के दौरान ममता बनर्जी पूर्व में भी जहर उगलने में पीछे नहीं रही है। ममता पूर्व में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करती रही हैं।

दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि अब तक की चुनावी हिंसा में सबसे ज्यादा उनके कार्यकताओं की हत्या हुई है। मरने वालों में 60 फीसदी उनके कार्यकर्ता हैं, जबकि विपक्षी पार्टियों ने चुनाव हिंसा को लेकर ममता बनर्जी की सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साधा। देखना यही है कि हिंसा से त्रस्त रहे पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग कैसे शांतिपूर्ण और निर्विघ्न चुनाव सम्पन्न कराता है।

# मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय






अब जब लोकसभा चुनाव के मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दल अपने अपने बयानों में पैनापन लाने की कवायद कर रहे हैं, तब यह तो कहा जा सकता है कि इस बार का चुनाव कई दलों के लिए आरपार की लड़ाई हो गई है। लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा एक बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाकर अपने मन में विश्वास बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है।

भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद कांग्रेस के राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। हम जानते हैं कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में भारत के चाय वालों के साथ गहरा संबंध स्थापित किया था,

इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस के चौकीदार चोर है के जवाब में ह्लमैं भी चौकीदारह्व का नारा देकर गरीब तबके को अपने साथ जोड़ा था। इस चुनाव में मोदी की गारंटी भाजपा का नारा है। कांग्रेस ने भी गारंटी देने का वादा किया है, लेकिन जनता किसकी गारंटी को स्वीकार करती है, यह समय बताएगा। मैं इस लेख को किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध के लिए नहीं लिख रहा हूँ, लेकिन जो सच है उसको लिखने से कोई आशय निकलता है तो भले ही निकले, लेकिन उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता।

उल्लेखनीय है कि एक बार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुँच पाता था। इसका आशय यह भी है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशन खोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस के शासन काल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुँचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को ही शत प्रतिशत मिल रहा है।

यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी की और से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकताओं के मनोबल में बढ़ोत्तरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय होते जा रहे हैं। लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे केवल जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है। मोदी की शैली यही है कि वह जनता की भावना के अनुसार ही अपना भाषण देते हैं। इसके अलावा राहुल गांधी कभी कभी पटरी से उतरते दिखाई देते हैं। कांग्रेस की ओर से जारी किए गए घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है।

जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इस मुद्दे पर भारत की पूरी जनता आँख बंद करके समर्थन करने के लिए आगे आ जाए। क्योंकि जो संस्थान या व्यक्ति समाज को एक करने के लिए प्रयास कर रहीं हैं, उनको कांग्रेस का यह वादा न्यायसंगत नहीं लग रहा होगा। यह बात सही है कि आज समाज बदल रहा है। वह जातिगत समाज के बाहर आकर भारतीय समाज यानी एकत्रित समाज होने की दिशा में बढ़ रहा है। ऐसे में यह भी कहा जा सकता है कि कांग्रेस का यह कदम समाज में विभाजन की लकीर खींचने का काम कर सकता है।

## शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर, 75000 की दहलीज पर पहुंचा सेंसेक्स, निफ्टी 22650 के पार




**नई दिल्ली।** अंकों की बढ़त के साथ 74,742.50 के स्तर पर जबकि निफ्टी 152.60 (0.68%) अंक चढ़कर 22,666.30 पर बंद हुआ। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी एक बार फिर नई ऊंचाइयों पर पहुंच कर बंद हुए। सोमवार को सेंसेक्स 494.28 (0.66%) अंकों की बढ़त के साथ 74,742.50 के स्तर पर जबकि निफ्टी 152.60 (0.68%) अंक चढ़कर 22,666.30 पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स अपने ऑल टाइम हाई 74,869.30 के स्तर पर पहुंचते हुए 75000 के मनोवैज्ञानिक स्तर की दहलीज पर पहुंच गया। निफ्टी भी 22,697.30 के ऑल टाइम हाई पर पहुंचा।

सोमवार को बाजार में बंपर खरीदारी के दौरान बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों के शेयरों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 1.3 लाख करोड़ रुपये बढ़कर पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया। बाजार में आए इस जोश में ब्लूचिप कंपनियों का खासा योगदान रहा और इन्होंने महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

## नव-वर्ष शुभागमन

प्रस्तुति करंट क्राइम



**डा. मिथलेश शर्मा**
पीएचडी - संस्कृत, पीएचडी - एस्ट्रोलॉजी (गोल्ड मेडलिस्ट)



चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को नव संवत्सर का शुभागमन होता है। इस अवसर पर स्वामी श्री करपात्री जी महाराज के विचार इस प्रकार हैं :- संवत्सर के आरंभ में समस्त सिद्धि के लिए दुर्गा-पूजन का क्रम आता है। इसके तुरंत पश्चात श्री रामचंद्र का प्राकट्य उपस्थित होता है। स्वामी करपात्री के अनुसार भिन्न देश में एवं कालों में विचार मतभेद होता है। सनातन एक विज्ञान है। सनातन की प्रत्येक दृष्टि एवं सृष्टि की वैज्ञानिक प्रक्रिया है। भारत अखिल ब्रह्मांड का विचित्र देश है। यहां पर रहने वालों को सर्वदा लगता है कि ईश्वर से और हिमालय रहकर साधना करने से प्रभु की प्राप्ति अवश्यमेव है। यहां की भाषाओं की साम्राज्ञी संस्कृत का प्राकट्य होना यह भी एक विज्ञान है। यह सर्वविदित है कि संस्कृत विश्व की सर्व प्राचीन भाषा है। जब हम इसके शब्दों का विग्रह करते हैं तो वह स्वयं में ही एक विशाल विज्ञान दिखाई देता है। प्राचीन काल में जब सारा संसाथ विषय विहीन था। तब भारत में चंद्रमा-तारों आदि की दूरी, प्रकृति, प्रवृत्ति, सर्व ज्ञात करके ज्योतिष शास्त्र प्रकट कर लिया था। कहने का तात्पर्य यह है कि हमारी मां भारतीय विज्ञान का एक प्रचंड विशाल समेटे है। संस्कृत एक ध्वनि से निर्मित भाषा है, कारण स्वरूप एक दो शब्दों की उत्पत्ति निष्पत्ति पर ध्यान डालिए।

**शैलपुत्री** प्रथम माँ का नाम है शैलपुत्री। यह हिमाचल के पुत्री है। इसी दिन घट- स्थापना होती है। ये नंदी पर सवार होती है। इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ये पूजा में दृढ़ता तथा स्थिरता का प्रतीक है।
**घट स्थापना :-** प्रथम दिवस पर घट-स्थापना होती है। इस दिन स्वच्छ एवं सुंदर वस्त्र पहने। पूजा घर की सफाई के अनुसार चौकी स्थापित करें। उस पर लाल रंग का वस्त्र बिछाए। हल्दी/ केसर में अक्षत रंग अक्षतों का अष्ट कमल बनाएं। उस पर कलश स्थापित करें। फिर हाथ में अक्षत लेकर व्रत का संकल्प ले।
**माँ शैलपुत्री का भोग :-**
माँ शैलपुत्री को गाय के घी से बनी चीजों का भोग लगाना चाहिए। गाय के बने घी की चीज भोग में लगाए। इन्हें गाय के बने घी की वस्तुएं बहुत पसंद है।

## राशिफल

- **मेष :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि मनोनुकूल लाभ देंगे।
- **वृष :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। शत्रुभय रहेगा।
- **मिथुन :** बुद्धि का प्रयोग करें। चिंता रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में रुके कार्य मनोनुकूल रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
- **कर्क :** धनहानि हो सकती है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट हो सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। विवाद से क्लेश हो सकता है।
- **सिंह :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में अटके काम पूरे हो सकते हैं।
- **कन्या :** शत्रु पस्त होंगे। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे।
- **तुला :** परिवार के एकाधिक सदस्यों की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है।
- **वृश्चिक :** पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं गुम हो सकती हैं, संभालकर रखें। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। भागदौड़ अधिक रहेगी।
- **धनु :** किसी अनहोनी के होने की चिंता रहेगी। स्वास्?थ्य पर खर्च हो सकता है। पुराने किए गए प्रयासों का फल अब मिल सकता है।
- **मकर :** घर में वृ?द्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। ने?त्र पीड़ा हो सकती है। दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।
- **कुंभ :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।
- **मीन :** राज्य की तरफ से दिक्कत हो सकती है। विवाद करने व जल्दबाजी से बचें। नेत्र पीड़ा हो सकती है। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है।

## चुटकुले

लड़का- तुम्हें मेरे अंदर सबसे अच्छी बात क्या लगती है?
लड़की- लोग समय के साथ बदल जाते हैं, पर तुम नहीं बदले।
लड़का- वो कैसे?
लड़की- जब मैं तुमसे मिली थी तब भी तुम बेरोजगार थे और आज भी बेरोजगार हो।

---

चिंटू- पापा क्या मैं बेकार हूं?
पापा- बेटा तू तो करोड़ों का है...
चिंटू- तो उसी करोड़ों मे से 25000 रुपये देना, गोवा घूमने जाना है।
फिर पापा ने चिंटू पर की चप्पलों की बरसात कर दी और खूब धोया।

---

पिंटू ने दोस्त से कहा- एक जमाना था जब मैं 10 रुपए लेकर बाजार जाता था और किराना, सब्जी, दूध सब ले आता था।
चिंटू- अब जमाना बदल गया है, आजकल हर दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगे रहते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- खाने का स्वाद उसमें सलाइवा (लार) मिलने के बाद ही आता है।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है। विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# केकेआर के खिलाफ जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी चेन्नई

**चेन्नई।** गत विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की टीम लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार को कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। लगातार दो हार के बावजूद सुपरकिंग्स की टीम पर दबाव नहीं होगा, लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश करेगा। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और रचिन रविंद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपरकिंग्स को पावरप्ले में अच्छी शुरूआत दिलानी होगी। गायकवाड़ 118.91 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं, जबकि रविंद्र पिछले दो मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। शिवम ने दिखाई है अपनी फॉर्म मौजूदा टूर्नामेंट में सुपरकिंग्स के सबसे सफल बल्लेबाज शिवम दुबे हैं जिन्होंने 160.86 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए



हैं। यह देखना होगा कि युवा समीर रिजवी की टीम में वापसी होती है या नहीं। 20 साल के इस युवा बल्लेबाज ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह गेंद में 14 रन बनाए थे, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से बाहर कर दिया गया। तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान और पाथिराना विभिन्न कारणों से टीम के पिछले मैच में नहीं खेल पाए जिससे सुपरकिंग्स के गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां उजागर हुईं। अगर ये नाइटराइडर्स के खिलाफ मैच से भी बाहर रहते हैं तो सुपरकिंग्स को उनकी भरपाई करना मुश्किल होगा। दीपक चाहर पर रहेगी जिम्मेदारी अगर रहमान और पाथिराना बाहर रहते हैं तो तेज गेंदबाजी विभाग में दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुकेश चौधरी जबकि स्पिन विभाग में मोईन अली, रविंद्र जडेजा और महेश तीक्षणा के कंधों पर जिम्मेदारी होगी। नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं और दोनों टीमों को बल्ले से निडर प्रदर्शन का फायदा मिला है। नारायण से पारी का आगाज कराना फायदेमंद सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना केकेआर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। मौजूदा सत्र में केकेआर के सबसे सफल बल्लेबाज नारायण को जल्दी पवेलियन भेजना सुपरकिंग्स के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगी। फिल सॉल्ट ने भी पारी का आगाज करते हुए नारायण का अच्छा साथ दिया है। मध्य क्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर और रमनदीप सिंह को अधिक निरंतरता दिखानी होगी जबकि आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह ने अब तक प्रभावित किया। हर्षित राणा ने गेंदबाजी में किया प्रभावित हर्षित राणा, रसेल और वैभव अरोड़ा ने गेंदबाजी में केकेआर की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि शुरूआती दो मैच में नाकाम रहने के बाद मिचेल स्टार्क और वरुण चक्रवर्ती भी धीरे-धीरे लय हासिल कर रहे हैं।

# 'भारत के सबसे सफल कप्तान धोनी', चेन्नई के खिलाफ मैच से पहले गंभीर ने की धोनी की तारीफ

**चेन्नई।** आईपीएल 2024 का 22वां मुकाबला आज कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा।

इस मैच से पहले केकेआर के मेंटर गौतम गंभीर ने महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ की। उन्होंने बताया कि धोनी की अगुवाई में भारत ने तीन बार आईसीसी के खिताब पर कब्जा जमाया। गंभीर ने कहा कि धोनी दुनिया के सफल कप्तानों में से एक हैं।

भारत ने धोनी की कप्तानी में टी20 विश्व कप 2007, वनडे विश्व कप 2011 और चैंपियंस ट्रॉफी 2013 जीता। धोनी का नाम दुनिया के सफल कप्तानों में शुमार है। वह फिलहाल आईपीएल में खेलते नजर आ रहे हैं। इस सीजन की शुरूआत में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी से भी इस्तीफा दिया।

अब उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड़ टीम की अगुवाई कर रहे



हैं। धोनी ने आईपीएल में 226 मैचों में कप्तानी की और 133 मौकों पर उनकी टीम ने जीत दर्ज की।

कोलकाता बनाम चेन्नई मैच से पहले गौतम गंभीर ने धोनी की कप्तानी पर चर्चा की। उन्होंने कहा, एमएस भारत के अब तक के सबसे सफल कप्तान हैं, मुझे नहीं लगता कि कोई भी उस स्तर तक पहुंच सकता है। उन्होंने भारत को तीन बार आईसीसी ट्रॉफी दिलाई हैं।" गौतम गंभीर के नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स ने दो बार आईपीएल का खिताब जीता। आईपीएल के 17वें सीजन में टीम दमदार प्रदर्शन करती नजर आ रही है। कोलकाता ने अब तक खेले तीन मैचों में जीत दर्ज की है। आज टीम की नजर चेन्नई के खिलाफ जीत पर होगी।

### एक कुशल रणनीतिकार' हैं धोनी' - गंभीर

इस दौरान गंभीर ने धोनी की मैच खत्म करने की कुशलता की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह नंबर छह या सात पर उतरकर खेल खत्म कर सकते हैं। गंभीर ने आगे कहा, स्वह रणनीति के मामले में बहुत अच्छे हैं। वह जानते थे कि स्पिनरों को कैसे नियंत्रित करना है, उनके खिलाफ फील्डिंग कैसे लगानी है और वह कभी हार नहीं मानते थे। वह नंबर 6 या 7 पर बल्लेबाजी करता था और हम जानते थे कि जब तक वह वहां रहेगा, वह खेल खत्म कर सकता है।

# जीटी के खिलाफ फ्लॉप साबित हुए मणिमारन सिद्धार्थ एक ओवर में फेंकी तीन नो बॉल, बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड

**लखनऊ।** लखनऊ ने गुजरात के खिलाफ रविवार को खेले गए मुकाबले में 33 रन से जीत दर्ज की। इस मैच में लखनऊ के गेंदबाज मणिमारन सिद्धार्थ का बहुत ही खराब प्रदर्शन रहा। उन्होंने एक ओवर में तीन नो बॉल फेंककर शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस मुकाबले में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 163 रन बनाए। इसके जवाब में गुजरात सिर्फ 130 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लखनऊ के लिए यश ठाकुर ने घातक गेंदबाजी की और पांच विकेट चटकाए। मणिमारन सिद्धार्थ के नाम हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड आईपीएल 2024 के 21वें मैच में लखनऊ के लिए इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर आए मणिमारन सिद्धार्थ सिरदर्द बने। उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी की और 29 रन खर्च किए। इस दौरान उन्हें कोई विकेट हासिल नहीं हुआ। पॉवरप्ले के शुरूआती दो ओवरों में उन्होंने किफायती गेंदबाजी की लेकिन अपने तीसरे ओवर में वह लखनऊ के लिए महंगे साबित हुए। उन्होंने पारी के पारी



के पांचवें ओवर में 12 रन लुटाए और शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस ओवर में उन्होंने तीन नो बॉल फेंकी। वह आईपीएल में सबसे ज्यादा नो बॉल फेंकने वाले स्पिनर बने। इस मामले में सिद्धार्थ ने अमित मिश्रा, अनिल कुंबले और योगेश नागर को पीछे छोड़ दिया। यश ठाकुर ने चटकाए पांच विकेट इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में यश ठाकुर ने पंजा खोला। उन्होंने 3.5 ओवर में 30 रन खर्च किए और पांच विकेट हासिल किए। मौजूदा सीजन में किसी गेंदबाज द्वारा हासिल किया गया यह पहला फाइव विकेट हॉल है। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 37 रन देकर चार विकेट रहा था। यह कारनामा उन्होंने पिछले सीजन में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में किया था। तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा लखनऊ सुपरजाएंट्स की टीम इस जीत के साथ अंक तालिका में छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि गुजरात टाइटंस की टीम पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ चार अंक लेकर सातवें स्थान पर है। लखनऊ ने इस सीजन अच्छी शुरूआत की है और उसने चार मैचों में से तीन मैचों में सफलता हासिल की है, जबकि एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पीवी सिंधू और साथियों के पदक की राह मुश्किल

**पेरिस।** पीवी सिंधू सहित भारत के स्टार खिलाड़ियों को मंगलवार से क्वालीफायर के साथ शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पदक की राह में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की चुनौती का सामना करना होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक और गत चैंपियन जोड़ी के अंतिम लम्हों में हटने से इस महाद्वीपीय व्यक्तिगत चैंपियनशिप में भारत की पदक की उम्मीदें अब एकल खिलाड़ियों पर टिकी हैं। यह ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग अंक देने वाला आखिरी बड़ा टूर्नामेंट है जिससे इसकी अहमियत बढ़ गई है और इस सप्ताह टूर्नामेंट में कुछ कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यूफेई के खिलाफ मुकाबले को तीन गेम तक खींचकर अपनी पुरानी फॉर्म की झलक दिखाई। चोट के बाद वापसी करते हुए करीबी मैचों को जीतने में नाकामी के कारण सिंधू की हताशा साफ



नजर आई जब स्पेन मास्टर्स में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ हार के बाद उन्होंने अपना रैकेट कोर्ट पर दे मारा। सिंधू को शीर्ष वरीय आन से यंग, ओलंपिक चैंपियन यूफेई, ताइ जु यिंग, अकाने यामागुची और ही बिंगजियाओ जैसी शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले टूर्नामेंट में एक बार फिर खुद को परखने का मौका मिलेगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अपने अभियान की शुरूआत मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ करेंगी। इस मुकाबले में जीत दर्ज करने पर उन्हें चीन की छठी वरीय हेन युई से भिड़ना पड़ सकता है जिन्हें उन्होंने फरवरी में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में पांचवीं बार हराया था। तीसरे दौर में सिंधू की भिड़ंत जापान की यामागुची या थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन से हो सकती है। आकर्षी कश्यप को पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से भिड़ना है। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन को पहले ही दौर में शीर्ष वरीय शी युकी की कड़ी चुनौती का सामना करनाहै।

फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद पेरिस ओलंपिक में जगह लगभग पक्की करने वाले लक्ष्य एशियाई खेलों के अपने प्रदर्शन से प्रेरणा लेना चाहेंगे जहां उन्होंने चीन के खिलाड़ी को टीम चैंपियनशिप में हराया था। सातवें वरीय एचएस प्रणय अपना अभियान ल्यू गुआंग झू के खिलाफ शुरू करेंगे और चीन के खिलाड़ी के खिलाफ तीन हार का बदला चुकता करने का प्रयास करेंगे।

# दिल्ली के खिलाफ जीत के साथ एमआई ने रचा इतिहास

## टी20 में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम बनी



**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के साथ मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 17वें सीजन में अपनी जीत का खाता खोल लिया। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस ने दमदार प्रदर्शन किया। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 234 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स आठ विकेट गंवाकर सिर्फ 205 रन बना सकी। मुंबई ने 29 रन से जीत हासिल कर इतिहास रच दिया।

**डेथ ओवर्स में डेविड-शेफर्ड ने लूटे 96 रन :** एक वक्त मुंबई का स्कोर 17 ओवर में चार विकेट पर 167 रन था और ऐसा लग रहा था कि टीम 200-210 के स्कोर पर पहुंच पाएगी। हालांकि, डेथ ओवर में टिम डेविड (45 रन*) और रोमारियो शेफर्ड (39 रन*) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत मुंबई इतने विशाल स्कोर तक पहुंच पाया। इन दोनों की बल्लेबाजी की बदौलत मुंबई ने आखिरी पांच ओवर में 96 रन बनाए।

### टी20 क्रिकेट में जीता 150वां मैच

मुंबई इंडियंस की टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टी20 क्रिकेट की 150वीं जीत दर्ज की। अब तक कोई भी टीम दुनिया में ऐसा नहीं कर पाई है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स है जिसने टी20 क्रिकेट में 148 मैच जीते हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर भारतीय टीम 144 मैचों में जीत के साथ बनी है।

### टी20 में सर्वाधिक मैच जीतने वाली टीमें

| | |
|---|---|
| मुंबई इंडियंस | - 150 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | - 148 |
| भारतीय टीम | - 144 |
| लंकाशायर | - 143 |
| नॉटिंघमशायर | - 143 |

### मुंबई ने 200+ स्कोर की लगाई झड़ी

यह आईपीएल में मुंबई का 24वां 200+ का स्कोर रहा। वह इस मामले में संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर आ गया है। मुंबई के अलावा बेंगलुरु ने भी 24 बार ही आईपीएल में 200+ का स्कोर बनाया है। इस लिस्ट में शीर्ष पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम है। उसने 29 बार ऐसा किया है। वहीं, किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा बार 200+ के स्कोर के मामले में मुंबई ने बेंगलुरु की बराबरी की। आरसीबी ने जहां पंजाब किंग्स के खिलाफ छह बार ऐसा किया है, वहीं, मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ आईपीएल में छह बार 200+ का स्कोर बनाया है।

### आईपीएल में सर्वाधिक 200+ का स्कोर

**29 बार:** चेन्नई सुपर किंग्स
**24 बार:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
**24 बार:** मुंबई इंडियंस
**22 बार:** पंजाब किंग्स
**21 बार:** कोलकाता नाइट राइडर्स

# दिल्ली कैपिटल्स ने हैरी ब्रूक की जगह इस खिलाड़ी को किया शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने इंतजार खत्म करते हुए इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक का रिप्लेसमेंट घोषित कर दिया है। ब्रूक निजी कारणों के चलते आईपीएल के मौजूदा सीजन से हट गए थे। दिल्ली ने ब्रूक की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को टीम में शामिल किया है। लिजाड विलियम्स दिल्ली के साथ 50 लाख रुपये के आधार मूल्य में जुड़े। एसएटी20 में लिजाड विलियम्स ने बिखेरी थी चमक लियाड विलियम्स अच्छी लय में चल रहे हैं। उन्होंने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका टी20 चैलेंज में नौ मैच खेले। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज विलियम्स ने इस साल एसएटी20 के इस सीजन में सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए नौ मैचों में 15 विकेट झटके। लिजाड ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 2021 में डेब्यू किया था। विलियम्स अबतक दक्षिण अफ्रीका के लिए दो टेस्ट,



चार वनडे और 11 टी20 खेल चुके हैं। निजी कारणों के चलते हटे थे ब्रूक दिल्ली को ब्रूक के हटने के कारण झटका लगा था जिन्होंने निजी कारणों के चलते इस टूर्नामेंट से हटने का फैसला लिया था।

इस सीजन की शुरूआत से पहले ब्रूक ने इस बात की पुष्टि की थी कि वह आईपीएल के मौजूदा सीजन के लिए भारत की यात्रा नहीं करेंगे। ब्रूक को दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन के लिए दुबई में हुई खिलाड़ियों की मिनी नीलामी में चार करोड़ रुपये में खरीदा था। ब्रूक की दादी का फरवरी में निधन हो गया था जिस कारण वह अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते थे। वह भारत और इंग्लैंड के बीच हुई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भी उपलब्ध नहीं रहे थे। दिल्ली की इस सीजन अच्छी नहीं रही है शुरूआत दिल्ली कैपटिल्स के लिए इस सीजन की शुरूआत अच्छी नहीं रही है। टीम ने अपने पहले पांच में से चार मुकाबले गंवा दिए हैं। दिल्ली की टीम अंक तालिका में निचले स्थान पर चल रही है। टीम ने पिछले दो मैचों में 200 से अधिक रन लुटाए हैं जिस कारण उसके नेट रन रेट पर भी प्रभाव पड़ा है।

कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली के खिलाफ 272 रन बनाए थे, जबकि मुंबई इंडियंस ने रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए मैच में दिल्ली के खिलाफ 234 रन बनाए थे। दिल्ली की टीम बल्ले और गेंद दोनों से प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। टीम इसके अलावा सही प्लेइंग इलेवन भी नहीं तय कर पा रही है। उसके स्टार तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्त्जे अच्छा प्रदर्शन नीं कर पा रहे हैं और काफी महंगे साबित हो रहे हैं। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड ने नॉर्त्जे के ओवर से 32 रन निकाले थे जो इस सीजन का आईपीएल का सबसे महंगा ओवर है।

# यश ठाकुर ने बताया किस पूर्व खिलाड़ी की बात ने उन्हें किया प्रेरित, खुशी में लग गए गले

**लखनऊ।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में पांच विकेट लेकर लखनऊ सुपरजाएंट्स की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की जमकर सराहना की। यश अपने ऊपर जताए गए भरोसे से काफी खुश हुए और टीम की जीत के बाद अपनी भावनाएं व्यक्त करने से खुद को नहीं रोक सके। यश की बदौलत ही टीम 164 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव कर सकी थी। यश ने खुशी के मारे मोर्कल को लगाया गले यश ने बताया कि गेंदबाजी कोच मोर्कल ने उनसे कहा था कि उनके पास चमक बिखेरने का मौका है क्योंकि टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव चोट के कारण सिर्फ एक ओवर ही डाल सके थे और मैदान से बाहर चले गए थे। उन्होंने कहा, 'सर ने मुझे कहा था कि उनके लिए मैं आज के मैच का हीरो हूं। मुझे गर्व हो रहा हा कि मोर्कल सर ने मेरे ऊपर भरोसा किया। मुझे बहुत खुशी हो रही है।' यश जब यह बातें बोल



रहे थे तो मोर्कल उनके पीछे ही खड़े थे, जैसे ही यश ने मोर्कल को देखा वह खुशी के मारे उनके गले लग गए। कप्तान राहुल ने भी किया यश का समर्थन यश ने साथ ही बताया कि कप्तान केएल राहुल ने गेंदबाजी की जिम्मेदारी देते हुए उन्हें प्रेरित किया था। उन्होंने कहा, मयंक के मैदान से जाने के बाद केएल भाई ने मुझसे कहा कि ये आपका दिन हो सकता है और आप हमें मैच जीता सकते हैं। ज्यादा मत सोचो और बस अपने आप पर भरोसा रखो। हमें सिर्फ उस बात पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो हमारे कंट्रोल में है, उस पर ज्यादा समय नहीं बिताना चाहिए जो हमें नियंत्रण में नहीं है।

# आईओए प्रमुख ऊषा का बड़ा आरोप, कहा- कार्यकारी परिषद के सदस्य मुझे दरकिनार करने की कोशिश कर रहे

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि बागी कार्यकारी परिषद के सदस्य अवज्ञा करके उन्हें दरकिनार करने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें उनके द्वारा नियुक्त एक अधिकारी को सेवा बर्खास्तगी पत्र जारी करना भी शामिल है। शुक्रवार को कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने यहां आईओए कार्यालय परिसर में एक हस्ताक्षरित नोटिस चिपकाया था जिसमें अनधिकृत व्यक्तियों को संघ के मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने के लिए कहा गया था। इस नोटिस को उषा ने मनमाना बताया और यह उनके द्वारा नियुक्त दो अधिकारियों के लिए था। कार्यकारी परिषद के अधिकतर सदस्यों ने इससे पहले दावा किया था कि उन्होंने जनवरी में आईओए सीईओ के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य घोषित करने वाले निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने अजय नारंग को आईओए अध्यक्ष के कार्यकारी सहायक के पद से बर्खास्त कर दिया है। उषा ने कार्यकारी परिषद के सदस्यों द्वारा नारंग को दिया गया बर्खास्तगी पत्र मिलने की बात स्वीकार की लेकिन इसे पूर्णतया निरर्थक कहकर खारिज कर दिया। उषा ने कार्यकारी परिषद के बागी सदस्यों को भेजे अपने जवाब में कहा, यह देखकर निराशा होती है कि हम अब भी एक टीम के रूप में काम नहीं कर पा रहे हैं और आपकी हर हरकत मुझे दरकिनार करने की कोशिश है। मेरे पास आप सभी को यह याद दिलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है कि कर्मचारियों की नियुक्ति और बर्खास्तगी सहित दैनिक प्रशासनिक कार्य कार्यकारी परिषद का काम नहीं है। कार्यकारी परिषद के रूप में हमें अपनी शक्तियों और अधिकारों का उपयोग आईओए को ऊंचाइयों पर ले जाने के अधिक



महत्वपूर्ण कार्य के लिए करना चाहिए। पूर्व दिग्गज धाविका ने कहा, आईओए स्टाफ को निर्देश दिया जाता है कि वे आईओए भवन के भीतर लगाए गए नोटिस की किसी भी प्रति को हटा दें। इसके अलावा आईओए स्टाफ को मेरे कार्यकारी सहायक के माध्यम से मेरे कार्यालय से मार्गदर्शन और निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया जाता है। जनवरी में सार्वजनिक रूप से सामने आई आईओए की आंतरिक कलह अब भी जारी है जबकि पेरिस ओलंपिक शुरू होने में सिर्फ तीन महीने बाकी हैं। उषा ने कहा कि सात जून 2023 को नियुक्त किए गए नारंग का पद पर बने रहना या बर्खास्तगी केवल उनकी सिफारिश पर आधारित होगी, ना कि किसी और की इच्छा पर। उन्होंने कहा, बर्खास्ती दस्तावेज पूरी तरह से अमान्य हैं। अध्यक्ष के कार्यकारी सहायक की नियुक्ति कार्यकारी परिषद के अधिकार क्षेत्र में नहीं है और इसलिए बर्खास्तगी कानून के अनुसार नहीं है। मैं कैप्टन अजय कुमार नारंग (सेवानिवृत्त) द्वारा किए गए काम से संतुष्ट हूं और उनकी सेवाएं समाप्त करने का कोई कारण नहीं दिखता। उन्होंने कार्यकारी परिषद के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे आईओए संविधान द्वारा दी गई शक्तियों और जिम्मेदारियों के इतर काम नहीं करें और उसके प्रावधानों का सीधा उल्लंघन न करें। उषा ने कहा, मैं एक बार फिर आपसे आग्रह करती हूं कि आप भारत में खिलाड़ियों और ओलंपिक अभियान की बेहतरी के लिए एक टीम के रूप में काम करना शुरू करें। छह जनवरी को अय्यर को सीईओ बनाए जाने के कुछ ही दिनों बाद कार्यकारी परिषद के 15 में से 12 सदस्यों ने आरोप लगाया था कि उषा ने इस नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए उन पर दबाव डाला था। इस आरोप को हालांकि उषा ने शर्मनाक बताया। हालांकि उषा द्वारा आईओए में लाए जाने के बाद से अय्यर और नारंग अपने आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे। उषा ने जोर देकर कहा कि उन्हें सीईओ पर पूरा भरोसा है और उन्हें नियुक्त करने के निर्णय से पीछे नहीं हटेंगी। सीईओ का वेतन 20 लाख रुपये प्रति माह और भत्ते (कुल सीटीसी लगभग तीन करोड़ रुपये प्रति वर्ष) है जो उषा और कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों के बीच विवाद का केंद्र में माना जाता है।

# डी गुकेश ने करूआना को बराबरी पर रोका

**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा। आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी। आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा। नेपोमनियाची सफेद मोहरों से खेलते हुए दूसरी जीत से तीन अंक के साथ टूर्नामेंट



में एकल बढ़त बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे आधा अंक पीछे करूआना और गुकेश ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा दो अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि विदित, अबासोव, अलीरेजा और नाकामूरा चारों के समान डेढ़ अंक हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली ने अपने छोटे भाई प्रज्ञानानंदा की तरह ड्रॉ खेला। उन्होंने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना को बराबरी पर रोका। भारत की कोनेरू हंपी को हालांकि सबसे कम रैंकिंग वाली और सबसे युवा खिलाड़ी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा के खिलाफ टूर्नामेंट की पहली हार का सामना करना पड़ा। चीन की झोंगयी टैन ने रूस की कैटरीना लेगनो के खिलाफ ड्रॉ खेलकर तीन अंक के साथ अपनी एकल बढ़त बरकरार रखी है। चीन की ही टिंगजी लेई ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के साथ अंक बांटे। टैन के बाद गोरयाचकिना ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वैशाली, सेलिमोवा और लेगनो दो अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। इस हार के बाद हंपी डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर खिसक गई हैं।




**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम मैंना गौतम पुत्री स्वर्गीय श्री चंद्रप्रकाश गौतम से बदलकर कोका शर्मा पत्नी श्री बंटी शर्मा रख लिया है, भविष्य में मुझे कोका शर्मा पत्नी श्री बंटी शर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

निवासी ,ए 151
बुध विहार श्याम कॉलोनी फेस 2,
रिठाला रोड, दिल्ली।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र अरुण उर्फ सौरभ व उसकी पत्नी नेहा को उनके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है, भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थी
किरनपाल सिंह पुत्र श्री रामपाल सिंह
निवासी गांव खटाना धीरखेड़ा थाना जारचा
जिला गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश

# रमतेराम रोड के जाम को लेकर बनाई रणनीति






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नया गंज के व्यापारियों और निवासियों ने बैठक आयोजित करके रमतेराम रोड पर सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक के जाम से निपटने के लिए रणनीति तय की। उल्लेखनीय है कि रमते राम रोड काफी चौड़ी और अच्छी होने के बावजूद अवैध कब्जों और सड़क पर पार्किंग के चलते रोज घंटों ट्रैफिक जाम की शिकार रहती है। विशेषकर रविवार को तो पूरे दिन ट्रैफिक जाम लगे रहता है। इससे नया गंज में रहने वालों की जिंदगी बदहाल हो गई है। वर्षों से यह विषय प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों से लगातार उठाने के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ है। अब स्थिति अत्यधिक खराब हो चुकी है। परिस्थितियां असहनीय होने की वजह से नया गंज निवासियों ने यह तय किया कि प्रशासन की उदासीनता के चलते गाजियाबाद के चुनाव के तुरंत बाद रमतेराम रोड पर चक्का जाम कर प्रशासन पर दबाव बनाकर समस्या से निपटने का प्रयास किया जाएगा।

# 10 अप्रैल को होगा सपा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा के कार्यालय का उद्घाटन



**मोदीनगर (करंट काइम)।** इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी के बागपत सीट से लोकसभा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन 10 अप्रैल को होगा।

पं0 अमरपाल शर्मा ने बताया कि 10 अप्रैल की सुबह विधिवत दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आर्य हॉस्पिट्ल के निकट रैपिड रेल पिलर संख्या 1137 के सामने मोदीनगर में चुनाव कार्यालय का पूजा अर्चना उपरान्त विधिवत तरीके से उद्घाटन किया जायेगा जिसमें लोकसभा क्षेत्र से अनेक कार्यकर्ता व नेतागण हिस्सा लेंगे। शहर अध्यक्ष सचिन दीक्षित ने बताया कि चुनाव कार्यालय के उद्घाटन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी हैं।




## ठाकुर लड़े ठाकुर नाराज ठाकुर जीते ठाकुरों के गढ़ में ठाकुर हारे

जब फौज वाले ठाकुर साहब चुनाव लड़े तो साठा चौरासी के ठाकुरों ने मौज ही कर दी। गढ़ ठाकुरों का और सब जगह से जीतते आ रहे फौजी ठाकुर यहीं आकर हार गये। अब फौजी रण में नही हैं और दस बीस ठाकुरों ने इसी बात को दिल पे ले रखा है कि ठाकुर को टिकट नही मिला। अब कौन बतायें कि जब माननीय ठाकुर यहां चुनाव लड़ने आये थे तो गुरू ठाकुर ही नाराज होकर कांग्रेस में चले गये थे। जब गुरू जी दोबारा भाजपाई हुये तो वो धौलाना से चुनाव लड़ने गये। फूल का टिकट था साठा चौरासी का ठाकुर गढ़ था फिर भी ठाकुर साहब हार गये। फौज वाले ठाकुर फुल मौज में थे पर उनके सामने टिकट की ताल ही खेड़ा ठाकुर ने ठोकी। अब मुजफ्फरनगर से ठाकुर साहब दलित वोटो के बैकअप के साथ आयें हैं। कहने वाले ने कहा कि बैकअप का तो सिर्फ नाम हैं और ना यकीन हो तो शुक्ला जी से पूछ लो उनका पैकअप कैसे हुया। ठाकुरों के गढ़ में ठाकुर हार गये और गाजियाबाद के ठाकुर धौलाना में हार गये।

## टिकट के पैकेज में शामिल हैं जनसभा कराना और चुनाव लड़वाना

वैसे तो उस दल के सिस्टम से सब लोग बखूबी परिचित हैं वहां टिकट की टर्म एंड कंडीशन सब जानते हैं। टिकट के लिये आपका वरिष्ठ होना जरूरी नही हैं और यहां तक की टिकट घोषित होते समय आप अगर पार्टी के प्राथमिक मेंबर भी नही हैं तो भी नो टेंशन आप आराम से पर्चा भरें, खर्चा करें और लड़े इलेक्शन। वो बारात ही ऐसी है कि जिसमे हर बार नया दूल्हा आ जाता हैं। कई बार तो बारातियों को ही पता नही होता कि जिस बारात में वो नाच रहे हैं उस बारात का दूल्हा कौन हैं। वो अशंय को समझ रहे थे और सशंय तब हो गया जब मुजफ्फरनगर से पुराने भाजपाई ही नीले होकर चुनाव लड़ने आ गये। अब सूटकेस और फेस तो हो गये लेकिन बेस कहां से आयेगा। टीम उन्हे चुनाव लड़वा रही हैं और उनके साथ वाले की जुबान से ही निकल गया कि हमें क्या पता कैसे करना हैं। भाईसाहब हम तो ठाकुर बेल्ट में फोकस कर रहे हैं और वैसे भी टिकट वाले पैकेज में जनसभा करवाना और चुनाव लड़वाना भी शामिल हैं। मैदान भी तुम्हारा, भीड़ भी तुम ही लाओगें और पोलिंग वाले दिन बस्ते भी तुम ही लगवाओगें।

## रालोद वाला हो गया भाजपाई और सपा वाला हो गया कांग्रेसी

वो जमाने चले गये जब सियासत में नेता जी के साथ ही सपोर्टर द्वारा भी दल बदल लिया जाता था। अब अगर बड़े नेता इलेक्शन में अपना गुणा भाग लगा रहे हैं तो छोटे नेता भी कैरियर का फुल कैलकुलेशन कर रहे हैं। वो बेसिकली ब्लू हैं लेकिन नाम उनका कमल हैं और ब्लू से वो ग्रीन हो गये लेकिन अब तो वो हैंडपंप से भी जंप कर गये हैं। बात भी सही है कि चौधरी साहब तुम सुरते बनकर पावर में घुस लो और हम पोलिटिकल अक्ल भी ना लगायें। कमल भी डिप्टी सीएम के सामने मेरठ वाली बिरादरी दीदी के सानिध्य में भाजपाई हो गये। हैंडपंप वालों ने बिरादरी के प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया लेकिन उन्हे इसमे मजा नही आया। हाथ वाले कर्पूरी ठाकुर के चेले भी बैक टू कांग्रेस हो गये। बात उनकी भी वाजिब है कि हम हाथ छोड़कर साईकिल में आयें और तुम हाथ वालों से ही हाथ मिला लो तो फिर उससे बढ़िया है कि हम ही हाथ में हाथ मिला के हाथ वालों के साथ हो जायें। चुनावी दोस्ती आज है और कल टूटेगी इससे पहले ही चुनावी मडंप में गठबंधन की डोर छोड़ कर जहां मन चाहे उस और हो जायें।

## हेलमेट कारोबारी के घर से गहने-नकदी चोरी, चोरों ने रात में देखा टीवी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर-15 में चोरों ने हेलमेट कारोबारी के घर की खिड़की की ग्रिल काटकर सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी कर ली। घटना के दौरान कारोबारी अपने परिवार के साथ आगरा-मथुरा घूमने गए हुए थे। चोरों ने घर के अंदर बाथरूम में भी गंदगी की। इंदिरापुरम पुलिस को चोरी की शिकायत दी है। कारोबारी राजकुमार ने बताया कि वह शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे परिवार को लेकर आगरा, मथुरा और वृंदावन घूमने चले गए थे। रविवार रात घर लौटे तो मेन गेट पर ताला लगा था। ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो ड्राइंग रूम के साथ चारों कमरों में सामान बेड व फर्श पर बिखरा हुआ था जबकि आलमारी भी खुली हुई थीं। चोरों ने आराम से सारा सामान खंगालकर बाहर फेंका हुआ था। जांच में पता चला कि चोर ड्राइंग रूम में खिड़की की ग्रिल काटकर अंदर घुसे थे। इसके बाद आलमारी में रखे दो लाख से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के गहने, करीब 50 हजार रुपये चोरी कर ले गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को चोरी की सूचना दी।

### चोरी के बाद घर में टीवी चलाकर देखी पिक्चर :

परिवार को घर में टीवी भी चलता मिला। ऐसे में माना जा रहा है कि चोरों ने गहने और नकदी साफ करने के बाद कमरे में आराम से बैठकर टीवी पर पिक्चर देखी और गानों का आनंद लिया होगा। पकड़े जाने के डर से वे सामान लेकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि चोरों की पहचान के लिए सीसीटीवी चेक कर रहे हैं।

# डासना में ईद के त्योहार को लेकर उलेमाओं और जिम्मेदार लोगों ने की बैठक




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आगामी ईद के त्योहार को लेकर डासना में राजाजी नर्सिंग होम पर ईद की नमाज को लेकर डासना के उलेमा और जिम्मेदारों के बीच मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें शहरी इमाम मौलाना अब्दुल जब्बार व ईदगाह कमेटी के मुतवल्ली कुंवर डॉक्टर सोलत पाशा सहित मौलाना शारिक अली कासमी उपाध्यक्ष जमात उलेमा ए हिंद गाजियाबाद सहित सभी मस्जिदों के इमाम व जिम्मेदार लोग मौजूद रहे। ईद की नमाज के समय को लेकर तय किया गया कि ईद की नमाज डासना ईदगाह में सुबह 7:45 पर अदा की जाएगी और मस्जिदों में ईद की नमाज सुबह 8:15 बजे अदा की जाएगी। शहरी इमाम मौलाना अब्दुल जब्बार ने ईद को लेकर बताया कि ईद प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। ईदगाह मुतवल्ली कुंवर डॉक्टर सौलत पाशा ने ईद को लेकर कहा कि सरकार की गाइडलाइन के मद्दे नजर ईद का त्योहार मनाया जाए।

## मेडिकल स्टोर में आग लगने से दवाइयां जलकर राख

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर उखालरसी कॉलोनी में एक मेडिकल स्टोर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर दवाई व अन्य सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। दिल्ली मेरठ मार्ग पर उखालरसी कॉलोनी में रेशम चौधरी का मेड़िकल स्टोर है। रविवार रात को अचानक स्टोर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिए। आग की चपेट में आकर दवाई जलकर राख हो गई।

# पंद्रह हजार करोड़ के जीएसटी फ्रॉड में दो आरोपियों के खिलाफ कुर्की के आदेश

**नोएडा।** कबीब 15 हजार करोड़ के जीएसटी जालसाजी मामले में कोर्ट ने दो फरार आरोपियों के खिलाफ कुर्की के आदेश दिए हैं। पुलिस सिरसा हरियाणा निवासी दीपक सिंघल और अंशुल गोयल की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई करेगी। वहीं इस मामले में अभी फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। नोएडा पुलिस ने जून 2023 में तीन हजार से अधिक फर्जी फर्म बनाकर 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक के जीएसटी फजीर्वाड़े का खुलासा किया था। इस मामले पुलिस 30 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि अनधिकृत गतिविधियों को रोकने के लिए 5 आरोपियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किए गए थे।

अभी तक 300 से अधिक फर्मों का भौतिक सत्यापन किया है। यह सभी शेल कंपनियां थीं। मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाई गई है। एसआईटी करीब 2600 फर्मों के खाते में 4 हजार करोड़ का इनपुट टैक्स क्रेडिट फ्रीज करा चुकी है। पुलिस जांच में यह बात स्पष्ट हुई है कि जालसाजों ने आम लोगों के आधार नंबर व अन्य जानकारी चुराकर फर्जी जीएसटी फर्म बनाए थे।

# महिला दे रही जबरन किशोर पर अवैध संबन्ध बनाने का दबाव

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय किशोर पर एक महिला द्वारा संबंध बनाने का दबाव डालने का मामला सामने आया है। महिला संबंध नहीं बनाने पर किशोर को ब्लैकमेल कर रही है। किशोर के पिता ने थाने में घटना की तहरीर दी है। नगर की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने बताया कि मूलरूप से बिहार निवासी एक परिवार उनकी कॉलोनी में रहता है। बिहार निवासी महिला उनके पड़ोस में आने जाने लगी। आरोप है कि महिला ने उनके 16 वर्षीय पुत्र को बहला-फुसला कर उससे दोस्ती कर ली। महिला घुमाने के बहाने किशोर को बाहर ले जाने लगी और उस पर संबंध बनाने का दबाव बनाने लगी। किशोर ने इंकार किया तो महिला उसे ब्लैकमेल करने लगी और झूठे मुकदमें में जेल भिजवाने की धमकी दी। घटना से किशोर तनाव में रहने लगा। परिजनों ने किशोर को विश्वास में लिया तो उसने आपबीती बताई। किशोर के परिजनों ने महिला के परिजनों से मामले की शिकायत की तो उन्होंने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

● विरोध करने पर ब्लैकमेल कर रही है, पुलिस में शिकायत

# पालिका ने करोड़ों की जमीन कराई मुक्त, की चारदीवारी

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर असालतनगर में नगर पालिका परिषद द्वारा दस करोड़ रुपए की कीमत की जमीन कब्जा मुक्त कराई। पालिका की इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया है। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि काफी समय पहले शिकायत मिली थी कि गांव असालतनगर में खसरा नंबर 135 पर अवैध कब्जा कर रखा है। शिकायत मिलने पर जब जांच कराई तो वह सच निकली। उन्होंने बताया कि सोमवार को पुलिस के सहयोग से उक्त जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया गया। उन्होंने बताया कि 18 सौ गज भूमि कब्जामुक्त कराई गई, जिसकी कीमत दस करोड़ रुपए के आसपास है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि कब्जामुक्त कराई गई भूमि की चारदीवारी करा दी गई है।

# किशोरी ने लगाया पिता पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, भेजा जेल

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक कॉलोनी निवासी किशोरी ने अपने पिता पर दुष्कर्म के प्रयास का गंभीर आरोप लगाया है। किशोरी ने पुलिस से गुहार लगाते हुए कहा कि साहब मेरे पिता बहुत बुरे हैं, मेरे साथ अश्लील हरकत करते हैं और दुष्कर्म का प्रयास करते हैं। पिता को नशे और जुए की आदत है। इसके चलते वह अपनी मां के साथ रहती है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। नगर की एक कॉलोनी निवासी 15 वर्षीय किशोरी ने बताया कि उसके पिता नशे व जुए के आदी हैं। पैसों की मांग को लेकर आए दिन मां और उसके साथ मारपीट करते हैं। परेशान होकर मां किशोरी को लेकर अलग रहने लगी। किशोरी ने आरोप लगाया कि लगभग 15 दिन पूर्व उसके पिता उनके यहां पहुंचा और किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। आरोपी पिता ने किशोरी के कपड़े फाड़ दिए और उसके साथ अश्लील हरकत की। किशोरी व मां ने विरोध किया तो आरोपी पिता ने दोनों को बुरी तरह पीटा और मामले की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। शोर होने के बाद आरोपी वहां से भाग गया। घटना के बाद दहशत में आई मां बेटी ने घर से निकलना बंद कर दिया। किशोरी किसी तरह साहस जुटाकर बीते दिन्वस थाने पहुंची और पुलिस को आपबीती बताई। घटना सुनकर पुलिस सकते में आ गई। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर पिता के खिलाफ पॉक्सो, छेड़छाड़ व अश्लील हरकत सहित कई अलग-अलग धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




## अंडर ट्रेनी टू-स्टार दे रहे हैं टेंशन



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों बड़ी संख्या में अंडर ट्रेनी टू-स्टार पहुंचे हुए हैं। सिटी से लेकर देहात और नदियापार से लेकर लाइनपार सभी जोन में उनकी अच्छी खासी संख्या में तैनाती दी गई है। पीएम के रोड शो के दौरान भी इनका जमकर इस्तेमाल किया गया, तो वहीं अब सुनने में आ रहा है कि कई टू- स्टार अपने इलाके के थ्री-स्टार और एसीपी साहब के लिए टेंशन वाला सीन क्रिएट कर रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि नई उम्र वाले यह पुलिसकर्मी सोशल मीडिया पर बेहद एक्टिव हैं और यही वजह पुलिस के अधिकारियों की टेंशन की रही है। सूत्रों पर भरोसा करें तो कई पुलिसकर्मियों की रील का संज्ञान मुख्यालय वाले ले चुके हैं, तो कई उनके अधिकारियों के द्वारा भी डिलीट कराई जा चुकी है। किसी को बुलेट, चश्मे का शौक है, तो कोई फिल्मी गानों पर नाचने को बेताब है। सूत्र बता रहे हैं कि सिटी और नदियापार के तो कई टू-स्टार शाम को ड्यूटी खत्म होते ही इलाके के मॉल और बाजारों में नजर आते हैं। कई बार तो प्राइवेट और कई बार खाकी वाली रील बननी शुरू हो गई हैं। रील का क्रेज यहां से ही नहीं बल्कि मुरादाबाद, मेरठ और सीतापुर में भी कई टू-स्टारा की सोशल मीडिया पर बता रहा है कि यह पुराना भूत है। कमिश्नरेट वाले सिस्टम में आए टू-स्टार शायद अभी यहां की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग को लेकर अनजान हैं। यही वजह है वह सोशल मीडिया को अपना फ्रेंड मानकर ओपन हो चुके हैं। इसका खामियाजा उनको भुगतना भी पड़ सकता है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि नए वाले टू-स्टार अनुशासन के मामले में भी थोड़े वीक बताए जा रहे हैं। अब इसे उनकी लचीली ट्रेनिंग कहा जाए या पुलिस का मॉडर्न वर्जन पर मामला कई जगह टाइट चल रहा है। कई टू-स्टार की शिकायत तो उनके इलाके वाले डीसीपी साहब लोगों के कार्यालय तक भी पहुंच चुकी है। एक टू-स्टार का तो पारिवारिक विवाद बीते दिनों एक आईपीएस अधिकारी के कार्यालय में भी पहुंच गया था। हालांकि अभी दोनों पक्षों को समय दे दिया गया है, पर मामला टेंशन वाला चल रहा है। कुल मिलाकर जिस तरीके से अंडर ट्रेनी टू-स्टार शुरूआती दिनों में ही टीआरपी में आ गए हैं, कहा जा रहा है आने वाले दिनों में यह कई कार्रवाई के शिकार हो सकते हैं।

# गंगाजल के लिए तरसेंगे इंदिरापुरम और नोएडा के लोग



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में गर्मी के बीच इंदिरापुरम और नोएडा में लोग अब गंगाजल के लिए तरसेंगे। इंदिरापुरम और नोएडा के लोगों को 13-15 अप्रैल के बीच तीन दिन के लिए गंगाजल नहीं मिलेगा। मेन फीडर लाइन की मरम्मत के लिए सिद्धार्थ विहार स्थित 240 एमएलडी के प्लांट को बंद किया जाएगा। तीन दिन तक गंगाजल न मिलने से लोगों को काफी समस्या होगी। सिद्धार्थ विहार प्लांट से 240 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति की जाती है। 192 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति नोएडा को होती है और बाकी इंदिरापुरम के अलग-अलग इलाकों में आपूर्ति की जाती है। गंगाजल प्लांट प्रभारी उन्मेश शुक्ला ने बताया कि नोएडा को भेजे जाने वाले गंगाजल की मेन फीडर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस कारण नोएडा के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। गर्मी के मौसम को देखते हुए इसकी मरम्मत के लिए प्लांट को बंद किया जा रहा है। छजारसी के पास खुदाई कर लाइन की मरम्मत की जाएगी।

### नवरात्र में होगी परेशानी

नवरात्र के दौरान गंगाजल की आपूर्ति रोकने से लोगों को काफी परेशानी होगी। उन्मेश शुक्ला का कहना है कि पहले ही प्लांट बंद करने की सूचना दे दी है। नोएडा के पास दो-तीन दिन का स्टोरेज रहेगा है। ऐसे में ज्यादा परेशानी नहीं होगी। वहीं जीडीए के पास भी एक दिन के लिए पर्याप्त पानी रहेगा। प्लांट बंद रहने के दौरान जीडीए की ओर से विकल्प के रूप में नलकूपों से भी पेयजल दिया जाएगा। 120 एमएलडी वाले प्लांट से वसुंधरा, वैशाली व कौशांबी समेत नगर निगम क्षेत्र के अन्य इलाकों में आपूर्ति बाधित नहीं होगी।

# महिला ने पड़ोसी पर लगाया दुष्कर्म केप्रयास का आरोप



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के एक गांव में पडो़सी युवक द्वारा महिला के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। विरोध करने पर दंबग ने महिला व उसके परिवार को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस कमिशनर को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। एक गांव निवासी एक महिला परिवार सहित रहती है। महिला का आरोप है कि पड़ोसी युवक काफी समय से उस पर गलत नजर रखता है। वह कई बार अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ कर चुका है। आरोपी के परिजनों से शिकायत करने के बाद भी वह अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा है। आरोप है कि पड़ोसी ने महिला को अकेला देखकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किसी तरह महिला बचकर भाग गई। महिला ने जब यह बात अपने परिजनों को बताई तो परिजन आरोपी के घर शिकायत करने गए तो उनके साथ मारपीट की गई। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। महिला ने पुलिस कमिशनर को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह रही है।

## लिफ्ट देने के बहाने चलती कार में युवकों ने नाबालिग मॉडल से किया गैंगरेप

**संभल।** यूपी के संभल जिले की चंदौसी की रहने वाली नाबालिग मॉडल को लिफ्ट देकर गाजियाबाद के तीन युवकों ने चलती कार में गैंगरेप किया। पीड़िता का आरोप है कि रास्ते में कोल्डड्रिंक में नशा देकर बेहोश करने के बाद वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी युवक पीड़िता को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के सामने स्थित होटल में छोड़कर भाग गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों पर पॉक्सो और एससीएसटी एक्ट भी लगाई गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जिला संभल के चंदौसी थाना क्षेत्र के गांव निवासी 17 साल की किशोरी 11वीं पास है। किशोरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मॉडलिंग करती है। किशोरी 5 अप्रैल को जयपुर में आयोजित मॉडलिंग इवेंट में शामिल होने गई थी। वहां इवेंट में भाग लेने के बाद छह अप्रैल को घर वापसी के लिए बस से धौलकुआं पहुंची।

# महामाया मंदिर से दुकानों की दूरी घटाये जाने की मांग



**मोदीनगर करंट क्राइम।** हर वर्ष लगने वाले महामाया देवी सीकरी मेले पर इस वर्ष चुनाव आंचार संहिता का ग्रहण लग गया है। मेला प्रशासन ने मेले के आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये मंदिर परिसर से करीब 200 मीटर की दूरी पर प्रसाद की दो दुकानों के लगाये जाने की अनुमति प्रशासन द्वारा प्रदान किये जाने की बात कही जा रही है।

सोमवार को गांव सीकरीखुर्द के सैकड़ों लोगों ने समाजसेवी व किसान नेता राहुल गुर्जर के नेतृत्व में तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन एसडीएम पूजा गुप्ता को सौंपते हुए मांग की है कि इस वर्ष लगाये गये प्रतिबंध के चलते कई बाहरी लोगों ने अपनी दुकानें लगा ली हैं जो मंदिर परिसर से 200 मीटर की दूरी पर हैं। सीकरी निवासी राहुल ने कहा कि मंदिर परिसर से दुकान लगाये जाने की दूरी प्रशासन द्वारा कम की जाये और बाहर से आने वाले व्यापारियों के अलावा स्थानीय व्यापारियों को दुकान लगाने का मौका दिया जाये। उन्होंने कहा कि मंदिर पंहुचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये अस्थाई शौचालय, कीटनाशक दवाओं का छिडकाव, ठेके की दुकानों की संख्या निर्धारित की जाये। इस मौके पर राहुल गुर्जर सीकरी, अनिल गौतम, मुनेन्द्र पहलवान, मोनू प्रधान, सनी गुर्जर, उत्तम प्रधान, महेश गुर्जर, कन्हैया, गुलाब सभासद, धर्मवीर, हरीश पंडित, वीर सिंह, रोहित व अनेक लोग उपस्थित रहे।

# ताइवान: 7.4 तीव्रता वाले भीषण भूकंप के बाद आए 681 झटके

## आसपास सक्रिय चीनी नौसैनिक जहाजों पर पैनी नजर

**ताइपे।** ताइवान के हुवालियन शहर में आए 7.4 तीव्रता वाले शक्तिशाली भूकंप के बाद भी रोज अलग-अलग तीव्रता के झटके (ऑफ्टरशॉक) महसूस किए जा रहे हैं।

पिछले चार दिनों में इस स्वायत्तशासी क्षेत्र ने कुल 681 झटकों का सामना किया। तीन अप्रैल को आए भूकंप में 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी।

सेंट्रल वेदर एडिमिनिस्ट्रेशन (सीडब्ल्यूए) के मुताबिक, रविवार सुबह 8.12 तक ताइवान में 681 ऑफ्टरशॉक महसूस किए गए। इनमें रिक्टर पैमाने पर 6 से अधिक की तीव्रता के दो व 6.5 की तीव्रता का एक झटका शामिल है। हालांकि, एक स्थानीय समाचार एजेंसी ने रविवार को सीडब्ल्यूए के हवाले से कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है।



ऑफ्टरशॉक की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। पिछले चार दिनों में यहां भूकंप के दैनिक झटकों की संख्या क्रमशः 314, 167, 111 व 89 रही। एजेंसी के मुताबिक, हाल के दिनों में ताइवान में 4-5 की तीव्रता वाले भूकंप के कुल 208 झटके दर्ज किए गए।

**ताइवान अपने आसपास सक्रिय छह चीनी नौसैनिक जहाजों पर रख रहा नजर :** भूकंप के झटकों के बाद संवेदनशील हालात के बीच ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने कहा कि वह देश में सक्रिय छह चीनी नौसेना पोतों पर नजर बनाए हुए है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के अनुसार, सशस्त्र बलों ने निगरानी के साथ ही जवाब में नौसेना के जहाजों को तैनात किया है। इस दौरान किसी भी चीनी सैन्य विमान को ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार करते या ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश करते हुए नहीं देखा गया। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा, हमने आसपास काम करने वाले 6 पीएलए जहाजों का सुबह 6 बजे पता चला था।

## हिमालय से मानव निर्मित कचरा साफ करेगी नेपाली सेना

**काठमांडो।** नेपाली सेना पर्वतीय सफाई अभियान 2024 के तहत माउंट एवरेस्ट पर पड़े लगभग 10 टन कचरा व पांच शवों को इकट्ठा करेगी। मेजर आदित्य कार्की के नेतृत्व में 12 सदस्यीय टीम माउंट एवरेस्ट, माउंट ल्होत्से व माउंट नुप्त्से से कचरा लाने के लिए 14 अप्रैल को एवरेस्ट बेस कैंप के लिए रवाना होगी। 18 सदस्यीय शेरपा टीम सफाई अभियान में सेना की सहायता करेगी।

**माउंट एवरेस्ट समेत कई पहाड़ों पर 10 टन कचरा**

नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल कृष्णा प्रसाद भंडारी ने रविवार को बताया कि 11 अप्रैल को काठमांडो में सेना प्रमुख जनरल प्रभुराम शर्मा हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना करेंगे। बायोडिग्रेडेबल कचरे को बेस कैंप के नीचे नामचे बाजार में लाया जाएगा। उसे उचित उपचार के लिए सागरमाथा प्रदूषण नियंत्रण समिति को सौंप दिया जाएगा। गैर-बायोडिग्रेडेबल अपशिष्ट व शवों को काठमांडो लाया जाएगा। सफाई अभियान के जरिये हिमालय में मानव निर्मित प्रदूषण को नियंत्रित करने में प्रभावी मदद मिलेगी।

रूस-यूक्रेन टकराव में नया मोड़

# यूरोप के सबसे बड़े जेपोरिझाझिया परमाणु प्लांट पर घातक हमला

**इस घटनाक्रम के बाद दोनों देशों के बीच तल्खी और बढ़ने की आशंका है। बता दें कि हाल ही में व्लादिमीर पुतिन एक बार फिर रूसी राष्ट्रपति चुने गए हैं।**



**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच 24 फरवरी, 2022 को शुरू हुआ हिंसक संघर्ष दो साल से अधिक समय बीतने के बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटनाक्रम में रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन ने जेपोरिझाझिया परमाणु प्लांट पर ड्रोन से हमला किया है। अंतरराष्ट्रीय एटॉमिक एनर्जी एजेंसी ने इस हमले को बेहद घातक बताते हुए परमाणु केंद्र के समीप ड्रोन से हमले को खतरनाक कृत्य करार दिया।

इस घटनाक्रम के बाद दोनों देशों के बीच तल्खी और बढ़ने की आशंका है। बता दें कि हाल ही में व्लादिमीर पुतिन एक बार फिर रूसी राष्ट्रपति चुने गए हैं। दूसरी तरफ राष्ट्रपति जेलेंस्की भी रूस के साथ हिंसक संघर्ष का डटकर मुकाबला कर रहे हैं।

इस बीच, संयंत्र के रूसी प्रशासन ने कहा कि अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किस हथियार के जरिए हमला किया गया था।

हालांकि रूसी स्वामित्व वाली परमाणु एजेंसी रोसाटॉम ने कहा कि यह परमाणु संयंत्र पर एक ड्रोन हमला था, जिसे 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के तुरंत बाद रूसी सेना ने अपने कब्जे में ले लिया था। संयंत्र के अधिकारियों के अनुसार, विकिरण का स्तर सामान्य था और हमले के बाद कोई महत्वपूर्ण क्षति नहीं हुई। महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने दोनों पक्षों को परमाणु सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कार्यों से परहेज करने की चेतावनी दी है।



# उग्रवादी संगठन केएनएफ का एक शीर्ष नेता गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। दरअसल बांग्लादेश के सुरक्षा बल रैपिड एक्शन बटालियन को उग्रवादी संगठन कुकी चिन नेशनल फ्रंट (केएनएफ) के एक शीर्ष नेता को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। केएनएफ ने हाल ही में बांग्लादेश में एक सरकारी बैंक में लूट की उसके मैनेजर का भी अपहरण कर लिया था। केएनएफ के बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरपंथी सगंठन से भी संबंध बताए जाते हैं। बंदरबन इलाके से हुई गिरफ्तारी

रैपिड एक्शन बटालियन ने केएनएफ के संयोजक और प्रमुख नेता चेओसिम बॉम को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बांग्लादेश के बंदरबन इलाके से की गई है। रैपिड एक्शन बटालियन के क्षेत्रीय कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल एचएम सज्जाद ने पत्रकारों को बताया कि 'हमने बॉम को उसके घर से एक लॉकर से पकड़ा, जिसमें वह छिपकर बैठा हुआ था।' बॉम को केएनएफ के मुखिया नाथन बॉम का करीबी माना जाता है। चेओसिम बॉम का पकड़ा जाना बांग्लादेश के लिए कितना अहम है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बांग्लादेशी सेना के प्रमुख सैफुद्दीन अहमद ने भी बंदरबन में उस जगह का दौरा किया, जहां से चेओसिम बॉम को पकड़ा गया है। बांग्लादेशी आर्मी के चीफ ने कहा कि केएनएफ सदस्य के पास से हथियार भी बरामद हुए हैं।

आर्मी चीफ ने कहा कि 'बीते साल जून में केएनएफ के खिलाफ हुई कड़ी कार्रवाई के बात यह संगठन बातचीत के लिए तैयार हो गया था, लेकिन इनका शांति की बात करना सिर्फ दिखावा था क्योंकि ये पीछे से अपनी आपराधिक गतिविधियों को जारी रखे हुए थे।' बीते हफ्ते बांग्लादेश सरकार और केएनएफ के बीत शांति वार्ता पटरी से उतर गई थी क्योंकि केएनएफ ने बांग्लादेश के सरकारी बैंकों की तीन शाखाओं में लूट को अंजाम दिया था और साथ ही सुरक्षाकर्मियों के हथियार भी लूट लिए थे और एक बैंक मैनेजर का अपहरण कर लिया था।

**क्या है केएनएफ**

कुकी चिन नेशनल फ्रंट एक सशस्त्र संगठन है, जो बांग्लादेश के पहाड़ी क्षेत्र की स्वायत्ता की मांग करता है। बांग्लादेश के रंगमती, खगराचारी और बंदरबन इलाकों में केएनएफ का प्रभाव है। कुकी-चिन और मिजो एक ही जनजाति के अलग-अलग नाम हैं। ये जनजाति भारत, बांग्लादेश और म्यांमार में रहती है। भारत के मिजोरम, बांग्लादेश के बंदरबन, रंगमती, खगराचारी और म्यांमार के चिन राज्यों में इस जनजाति का बहुमत है।

# खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी हमले

## छह पुलिसकर्मी समेत 12 आतंकवादियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र कैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिनों में हुई आतंकवादी घटनाओं में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी समेत छह सुरक्षाकर्मी मारे गए। इस हमले में 12 आतंकवादियों की भी मौत हुई है।

पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि बलूचिस्तान प्रांत में चार आतंकवादियों को मार गिराया गया है। उन्होंने आगे कहा कि खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में कुलाची तहसील के कोट सुल्तान इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए अभियान के तहत आठ आंतवादी मारे गए। मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया गया है।



**पुलिस कर्मियों पर आतंकवादी हमला :** अधिकारियों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मारवात में शुक्रवार की रात आतंकवादी हमलों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और दो पुलिसकर्मी मारे गए। इस दौरान एक कांस्टेबल भी घायल हो गया। अधिकारियों ने कहा कि डीएसपी ने ईद उल फितर के त्योहार से पहले सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिसकर्मियों के साथ पेशावर-कराची राजमार्ग पर एक अस्थाई चौकी स्थापित की थी। मीडिया के अनुसार, जब पुलिसकर्मी इस चौकी से गुजर रहे थे, तब आतंकवादियों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने पुलिस के वाहनों पर गोलीबारी भी की, जिसमें डीएसपी और कांस्टेबल नसीम गुल की मौत हो गई।

## सांसद बर्नी सैंडर्स के कार्यालय के दरवाजे में लगाई आग, पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में वरमाउंट के बर्लिंगटन में सांसद बर्नी सैंडर्स के कार्यालय के बाहर आग लगाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को 35 वर्षीय शैंट सोघोमोनियन बर्लिंगटन शहर की इमारत में दाखिल हुए और तीसरे मंजिल पर सैंडर्स के कार्यालय की तरफ चले गए। सीसीटीवी कैमरा में उसे दरवाजे के पास उसे कुछ तत्व छिड़कते हुए और आग लगाते हुए देखा गया।

सोघोमोनियम ने कई मंजिलों पर तत्व का छिड़काव करते हुए सीढ़ियों के माध्यम से बाहर चले गए।

इस दौरान कार्यालय में कई लोग मौजूद थे, लेकिन किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, आग के कारण कार्यालय के दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गए।

# ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के जज पर फूटा मस्क का गुस्सा

## संविधान को धोखा देने का लगाया आरोप

**वाशिंगटन।** दिग्गज कारोबारी एलन मस्क का ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के एक जज पर गुस्सा फूटा है और उन्होंने जज के इस्तीफे की मांग कर दी है। दरअसल ब्राजील सुप्रीम कोर्ट के जज एलेक्जांद्रे डे मोरेस ने ब्राजील में कई सोशल मीडिया अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है और कई यूजर्स को जेल में डालने का भी आरोप है। दावा किया जा रहा है कि ये सोशल मीडिया अकाउंट्स ब्राजील की सरकार के खिलाफ झूठी खबरें फैला रहे थे। जिन अकाउंट्स को ब्लॉक किया गया है, उनमें कई अकाउंट्स ब्राजील के सोशल मीडिया इंफ्लुएंशर्स के हैं।



सोशल मीडिया पर कथित सेंसरशिप लगाने को लेकर एलन मस्क ने जज मोरेस पर तीखा हमला बोला। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा कि 'यह जज मनमाने तरीके से ब्राजील के लोगों और संविधान के साथ धोखा कर रहा है। उसे इस्तीफा दे देना चाहिए या फिर उसके खिलाफ महाभियोग लाकर उसे पद से हटा देना चाहिए।' मस्क ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि 'इस जज ने हम पर भारी जुमार्ना लगाया है और हमारे कई कर्मचारियों को गिरफ्तार करने की धमकी दी है।

ट्रस्ट में हिंदू प्रार्थना न किए जाने के आरोप पर बोलीं इला गांधी

# 'गलत तथ्यों को रोकेंगे'

**जोहान्सबर्ग।** फीनिक्स सेटलमेंट ट्रस्ट ने फीनिक्स सेटलमेंट में आयोजित एक अंतरधार्मिक बैठक में जानबूझकर हिंदू प्रार्थनाओं को छोड़ दिए जाने के आरोप के बाद महात्मा गांधी की पोती इला गांधी ने कहा कि नफरत, दुश्मनी और हिंसा किसी भी धार्मिक शिक्षा का हिस्सा नहीं है। जो लोग धर्म के नाम पर इन्हें बढ़ावा देते है, वे खुरापाती दिमान के चलते गलत व्याख्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आइए विभाजन और नफरत की ताकतों का विरोध करें।



**सभी धर्मग्रंथ दयालु इंसान बनाना सिखाती है- इला गांधी :** सोशल मीडिया पोस्ट्स के जवाब में उन्होंने कहा कि हमारे सभी विश्वास और हमारे धर्मग्रंथ हमें अच्छे, दयालु और प्रेमपूर्ण इंसान बनने के लिए मार्गदर्शन करते हैं। घृणा, शत्रुता और हिंसा हमारी आवश्यक धार्मिक शिक्षाओं का हिस्सा नहीं हैं। इस तरह के कदम हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच विभाजन पैदा करने और गांधीजी और मुझे हिंदू समुदाय से अलग करने का एक प्रयास थे।

**हमें इन शरारतों को रोकना होगा- इला गांधी :** इला ने साप्ताहिक पोस्ट में एक खुले पत्र के जरिए कहा कि तथ्यों को सार्वजनिक रूप से बताना जरूरी है ताकि जिस शरारत की कोशिश की जा रही, उसे अभी रोका जा सके। इला ने चार हिंदू संगठनों को निमंत्रण का हवाला देते हुए कहा, स्पष्ट करने के लिए, मैंने कई हिंदुओं को व्यक्तिगत रूप से और कई हिंदू आस्था नेताओं को सामूहिक रूप से इस समारोह में हिंदू प्रार्थना करने के लिए आमंत्रित किया था।

## कुत्ते के ऊपर से प्रिंस एंड्रयू ने निकाली गाड़ी

**लंदन।** बीते शनिवार को विंडसर में क्राउन एस्टेट में अजीबोगरीब घटना घटी, इस दौरान लोगों ने प्रिंस एंड्रयू को एक कुत्ते के ऊपर से अपनी गाड़ी चलाते हुए देखा, जिसको देखकर वहां लोग हैरान हो गए, हालांकि इस दौरान कुत्ते को चोट नहीं आई।

विंडसर में क्राउस एस्टेट के लॉन्ग वॉक के दौरान एक गाड़ी अचानक वहां घूम रहे कुत्ते के ऊपर से निकल गई, जिसे देख कुत्ते का मालिक सहम गया। खास बात है कि गाड़ी कोई आम आदमी नहीं बल्कि प्रिंस एंड्रयू चला रहे थे। लोगों की प्रतिक्रियाओं को देख उनके अंगरक्षकों ने उन्हें घटना के बारे में बताया। बिना नुकसान के उन्होंने गाड़ी रोकी। देखा कुत्ते का मालिक दौड़ा-दौड़ा उनकी गाड़ी के करीब आया, अचानक झुककर उसने अपने कुत्ते को गोद में लिया। जिसे देख प्रिंस एंड्रयू हंसने लगे। जब उनके अंगरक्षकों ने उन्हें पूरी घटना के बारे में बताया तो वे शर्मिंदा दिखाई दिए।

# पेरिस के अपार्टमेंट में विस्फोट के बाद आग

## तीन लोगों की मौत,मामले की जांच के लिए टीम गठित

**पेरिस।** पेरिस में एक आठ मंजिला अपार्टमेंट में विस्फोट के बाद आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। यह विस्फोट रविवार शाम को हुआ। हालांकि, विस्फोट के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।



**विस्फोट के कारणों का नहीं चला पता :** यह इमारत पेरिस के एरॉन्डिसमेंट में स्थित है। प्राथमिकी जांच के अनुसार, रू डी कैरोन की सातवीं मंजिल पर आग लगने से पहले एक विस्फोट हुआ। 11वें एरॉन्डिसमेंट के डिप्टी मेयर लुक लेबन ने कहा, ₹पड़ोसियों को समझ नहीं आया कि यह विस्फोट कैसे हुआ, क्योंकि इमारत में गैस है ही नहीं।

इस मामले की जांच आग या नुकसान पहुंचाने और जान से मारने के पहलु से भी की जा रही है।

विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए राजधानी के दूसरे न्यायिक पुलिस जिले के जासूसों को नियुक्त किया गया है। विस्फोट के बाद आसपास के इमारतों में रहने वालों को घरों से बाहर निकाला गया। बाद में वे सुरक्षापूर्वक अपने घरों में वापस लौट आए।

## एल्फ्रेड टिनिसवुड हैं दुनिया के सबसे उम्रदराज पुरुष

**लंदन।** ब्रिटेन के रहने वाले जॉन एल्फ्रेड टिनिसवुड दुनिया के सबसे उम्रदराज पुरुष हैं। उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। टिनिसवुड का जन्म 26 अगस्त, 1912 को लिवरपूल में हुआ था। टिनिसवुड ने अपनी आंखों के सामने दो विश्व युद्ध देखे। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि वह द्वितीय विश्व युद्ध के समय ब्रिटिश आर्मी के पे कॉर्प्स में भी थे। टिनिसवुड ने एक साक्षात्कार में बताया कि मेरी लंबी उम्र का राज लक, संयम और हर शुक्रवार को मछली-चिप्स खाना है। स्वस्थ जीवन का सबसे बड़ा राज संयम है।



उन्होंने कहा कि मैं कभी सिगरेट नहीं पीता। हालांकि, कभी कभार ही शराब पी लेता हूं, लेकिन उसकी आदत नहीं बनाता।

# 'कुछ नहीं बचा, सिर्फ मौत दिखाई दे रही थी'

## इस्राइली सेना की वापसी के बाद खान यूनिस शहर लौटे फलस्तीनी

**खान यूनिस।** पिछले साल सात अक्तूबर को गाजा स्थित हमास आतंकी संगठन हमास ने इस्राइल पर पांच हजार रॉकेट दागे थे, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में इस्राइली ने आतंकी समूह के ठिकानों को निशाना बनाया। इस घटना को तकरीबन सात महीनें बीत जाने के बाद गाजा की सूरत ही बदल गई। हमास-इस्राइल युद्ध से पहले दक्षिणी गाजा में लगभग चार लाख लोग रहते है, लेकिन अब वहां मलबों का ढेर दिखाई दे रहा है। दक्षिणी गाजा में रहने वाली महा थायर ने कहा कि अब हमारे पास कोई शहर नहीं है।

इस्राइली सैनिकों की वापसी के बाद कुछ फलस्तीनी दक्षिणी गाजा में लौट आए हैं। उन्हीं में से वहां रहने वाली महा थायर भी है। 38 वर्षीय महा थायर ने बताया कि युद्ध ने पूरे शहर की तस्वीर ही बदल दी। जब मैं यहां पहुंची तो अब हमारे पास कोई शहर नहीं बल्कि सिर्फ मलबे का ढेर है।



वहां कुछ भी नहीं बचा है। जब मैं पुरानी यादें के बारे में सोचती हूं तो मुझे रोना आता है। सड़कों से गुजरते हुए मैं खुद को रोने से नहीं रोक पाती हूं।

**अब कोई शहर नहीं बचा, सिर्फ गंध आ रही- थायर :** एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया एजेंसी को दिए साक्षात्कार में खान यूनिस की रहने वाली महा थायर ने कहा कि उस शहर में अब लाशों की गंध आ रही है। मलबों के ढेर के अलावा वहां कुछ नहीं है सिर्फ मौत दिखाई दे रही थी। गौरतलब है कि रविवार को खान यूनिस से इस्राइली सैनिकों की वापसी के बाद थायर दक्षिणी गाजा शहर में लौटीं थी।

हमास और इस्राइल के युद्ध में थायर का घर तबाह हो गया। चार बच्चों की मां महा थायर ने कहा कि सभी सड़कों पर बुलडोजर चला दिया गया है। यहां अजीब सी गंध आ रही है। मैंने लोगों को खुदाई करते और शवों को बाहर निकालते देखा है।

**तंबू लगाने से बेहतर है टूटे घर में ही रहना- थायर**

जैसे ही इस्राइली सेना ने कहा कि वह खान यूनिस से वापस लौट रही है, तो वहां रहने वाले लोग अपने घरों को देखने उमड़ पड़े। हालांकि कुछ के घर वहां पूरी तरह से तबाह हो गए। कुछ के घर आंशिक रूप से नष्ट हुए थे। खान यूनिस के पश्चिम में पॉश हमाद सिटी जिले की थायर ने कहा कि वह बहुत हैरान और दुखी थी। वहां कोई दीवार या खिड़कियां नहीं थी। ज्यादातर आवासीय टावर पूरी तरह से उखड़ गए। थायर ने कहा कि भले ही मेरा घर तबाह हो गया। भले ही यह रहने के लिए उपयुक्त न हो, लेकिन यह तंबू लगाने से बेहतर है। वे उस टूटे घर में ही रहने लगी हैं।

# यूक्रेन के खारकीव पर रूस का घातक हमला

**खारकीव।** यूक्रेन के खारकीव शहर पर हुए रूसी हमले में आठ लोग मारे गए, जबकि करीब 10 घायल हो गए। क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि रूसी बलों ने बम व मिसाइलों का इस्तेमाल किया, जबकि यूक्रेन की नेशनल पुलिस ने कहा कि हमले में ड्रोन का प्रयोग किया गया। यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि उसने रूस की तरफ से रात में हुए हमलों के दौरान 17 ड्रोन का पता लगाकर उन्हें नष्ट कर दिया।

एक अन्य अहम घटनाक्रम में रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन ने जेपोरिझाझिया (ेंस्त्रङ्ग१९९ॅ) परमाणु प्लांट पर ड्रोन से हमला किया है। अंतरराष्ट्रीय एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (क्अएअ) ने इस हमले को बेहद घातक बताते हुए परमाणु केंद्र के समीप ड्रोन से हमले को खतरनाक कृत्य करार दिया।

गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच 24 फरवरी, 2022 को शुरू हुआ हिंसक संघर्ष दो साल से अधिक समय बीतने के बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटनाक्रम के बाद दोनों देशों के बीच तल्खी और बढ़ने की आशंका है। बता दें कि हाल ही में व्लादिमीर पुतिन एक बार फिर रूसी राष्ट्रपति चुने गए हैं। दूसरी तरफ राष्ट्रपति जेलेंस्की भी रूस के साथ हिंसक संघर्ष का डटकर मुकाबला कर रहे हैं।



**दक्षिणी गाजा से इस्राइली सेना हटी**

हमास के साथ बातचीत के बीच इस्राइल सेना ने दक्षिणी गाजा से सैनिकों को हटा दिया है। जिसमें खान यूनिस भी शामिल है। सेना ने रविवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि आज, रविवार 7 अप्रैल को, आईडीएफ के 98वें कमांडो डिवीजन ने खान यूनिस में अपना मिशन पूरा कर लिया है। डिवीजन ने स्वस्थ होने और भविष्य के अभियानों की तैयारी के लिए गाजा पट्टी छोड़ दी है। इसमें कहा गया कि162वीं डिवीजन और नाहल ब्रिगेड के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बल गाजा पट्टी में काम करना जारी रखेगा और आईडीएफ की कार्रवाई की स्वतंत्रता और सटीक खुफिया आधारित संचालन करने की क्षमता को संरक्षित करेगा।

सात अक्तूबर को हमास द्वारा इस्राइल पर किए गए हमले के बाद गाजा में पर जवाबी कार्रवाई की गई। इस्राइली आंकडों के मुताबिक, 7 अक्तूबर के हमले के दौरान 250 से अधिक लोगों को पकड़ लिया गया और लगभग 1,200 लोगों को पकड़ लिया गया।

**एसएलएफपी लंबी कानूनी लड़ाई का सामना करने को तैयार**

श्रीलंका फ्रीडम पार्टी (एसएलएफपी) इस चुनावी वर्ष में एक लंबी कानूनी लड़ाई में उतरने के लिए तैयार है, जिसमें अलग-अलग गुट इस पर नियंत्रण पाने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि सोमवार को मौजूदा मंत्री निमल सिरिपाला डी सिल्वा को नियुक्त किया गया है।

पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना के स्थान पर पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष। एसएलपीपी श्रीलंका की प्रमुख और सबसे प्रसिद्ध राजनीतिक पार्टियों में से एक है, जिसने कई वर्षों तक द्वीप राष्ट्र पर शासन किया है।

# जिला मुख्यालय में प्रेक्षकों ने की व्यय सम्बंधित बैठक

## प्रभारी अपने पद की गरिमा व महत्व को समझते हुए अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा के साथ निवर्हन करें: प्रेक्षक (व्यय)





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।।** निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गए प्रेक्षकों व्यय सौरभ नायक तथा टी.अरिवाझगन की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में व्यय सम्बंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कन्ट्रोल रूम, कॉल सेन्टर, निर्वाचन सम्बंधी शिकायत प्रकोष्ठ आदि मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। प्रेक्षकों ने प्रभारियों, सह प्रभारियों से जाना कि उनके सामने निर्वाचन से सम्बंधित कितने प्रकरण आए और किस प्रकार का निराकरण किया गया और कितनों को नोटिस दिया। साथ ही कितनों का चालान किया गया और कितने लोगों से चालान की धनराशि वसूल की गयी।

प्रेक्षकों ने कहा कि चुनाव के दौरान चुनाव से सम्बंधित सामग्री प्रत्याशियों द्वारा ट्रेन, बस, ट्रक सहित अन्य वाहनों के माध्यम से निर्वाचन क्षेत्र में लायी जाती हैं जिस पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है।

निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अवैध शराब नहीं आनी चाहिए इसके लिए सख्त कदम उठाये जाएं। किसी भी प्रत्याशी या उसके शुभचिंतकों या समर्थकों द्वारा किसी भी रूप में आदर्श आाचार संहिता का उल्लंघन किया जाता है तो टेलीफोन नंबर - 0120–2822980, 81, 82, 83 पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि दिव्यांग कार्यकर्ता ने लगा दिया एक भगवा शर्मा नेता पर आरोप? कहा उन्होंने दिव्यांगों वाले बाक्स पर कर लिया खुद कब्जा और खत्म कर दिया हमारा स्कोप? सुना है दिव्यांग कार्यकर्ता ने पहुंचा दी है अपनी नाराजगी भगवा कमांडर के पास? कहा उन्होंने कब्जा लिया हमारा बाक्स और हम धक्के खाते रहे ये नहीं है अच्छी बात? भगवा दिव्यांग भी इस बात से है बुरी तरह नाराज?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये बात सुनने में लग सकती है बहुत धारदार? अग्निपथ वाले कांचा चिना को जब करना पड़ गया चुनावी प्रचार सामग्री के लिए इंतजार? बात जब बाहर निकलकर आई तो सबको हो रही है इस बात पर हैरानी? इतने प्रमुख नेता को प्रचार सामग्री के लिए करना पड़ा इंतजार? वो काफी देर तक प्रचार सामग्री के लिए देखते रहे क्लॉक? सुना है बाद में वो हो गये इस अनदेखी से नाराज और लौट गये ब्लॉक?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि शहर विधानसभा के उप चुनाव को लेकर नहीं है वैश्य खेमे में शांति? जब भगवागढ़ में चली चुनाव को लेकर बात तो कविनगर वाले क्रान्तिकारी मित्तल ने रख दिये खुलकर अपने जज्बात? उन्होंने कहा अगर लोकसभा में मिला है हमारे समाज को टिकट तो इसका मतलब ये नहीं कि शहर में वैश्य फैक्टर हो जायेगा विकट? लोकसभा के नहीं आयेंगे बिल्कुल भी विधानसभा में कोई इफैक्ट? दावेदारी रहेगी शहर सीट पर वैश्य ही नहीं है इसमें इफ एंड बट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो पहले छुपे हुए थे दिल में जज्बात अब वो बाहर आ रहे हैं इन द शेप ऑफ बाथ? भगवा क्रान्तिकारी मित्तल ने फिर प्रकट किये जज्बात? उन्होंने खुलकर किया ऐलान मैं तो पहले भी नहीं था जनरली कभी भी साहब के साथ? मेरा पहले भी विरोध था और अब भी रहेगा विरोध? भगवा मित्तल हैं जनरली इसलिए भी बहुत नाराज? उनका कहना है कि उनका टिकट कटवाने में रहा था इन्हीं लोगों का हाथ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि साहब की विदाई के बाद अब दे रहीं हैं नई नई बातें सुनाई? नदिया पार वाले दिव्यांग शर्मा की वाणी भी हो गई ये बात बताते हुए कुछ कठोर? उन्होंने कहा कि लगाने वाले लगा लें अब चाहे कितने ही जोर? लेकिन जो बात मैं बता रहा हूं वो है एकदम प्योर? नदिया पार वाले दिव्यांग ने एक बात खुलकर बताई? उन्होंने कहा जिस दिन सुनील शर्मा बने थे कैबिनेट मंत्री उसी दिन खत्म हो गई थी जनरली टिकट की कहानी? ये बात सुनकर कविनगर वाले मित्तल चेहरे पर छा गई नूरानी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि रोड शो के बाद भी चल रही है अभी तक भगवा दिलों में तकरार? क्या रोड शो से पहले ही गोयल नेता ने स्वागत के लिए कर लिया था स्टेज तैयार? सुना है यहां पर फंस गया था परमीशन का पेंच? जब सुरक्षा कमांडो के साथ भगवा सिंघल ले रहे थे व्यवस्थाओं का जायजा? तब उन्होंने सुरक्षाकर्मियों के सामने कह दिया था कि इस स्थान पर स्टेज का नहीं है कोई फायदा? परमिशन वाले पेंच को भगवा गोयल नेता ने कर दिया था सोल्व? सुना है वो रातों रात ले आये थे स्टेज की परमिशन? लेकिन यहां भगवा सिंघल ने जो फंसाया था पेंच? उसके चलते परमिशन के बाद भी भगवा गोयल को करनी पड़ी अपनी लोकेशन चेंज?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि लोकसभा चुनाव के शोर में ही चल रहा है शहर सीट पर विधानसभा की दावेदारी में अंदरखाने भगवा अग्रवाल जी का जोर? सुना है अग्रवाल जी की है भगवा गलियारों में बहुत मजबूत पहचान? जहां से होना है टिकट का फैंसला वहां पर पहुंच चुका है अग्रवाल जी का नाम? कहने वाले ने कहा कि नहले पर चला जायेगा दहला? जो नाम बताया है ये ही आखिरी होगा और ये ही नाम रहेगा पहला? अग्रवाल जी का मामला बताया जाता है काफी मजबूत? पार्टी बना सकती है उन्हें उपचुनाव में विधानसभा का दूत?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार गर्ग जी के चुनाव में दिख रही है एक अलग ही मिसाल? आमतौर पर धीर गंभीर भाव के साथ पूरा सिस्टम संभालने वाले नहीं दिख रहे हैं चुनाव प्रबंधन में मिस्टर जायसवाल? कहने वाले ने कहा कि यही तो है मिस्टर जायसवाल का कमाल? वो शांति के साथ करते है जिम्मेदारी पूरी और व्यवस्था को लेते हैं खामोशी से संभाल? उनकी वर्किंग के इसी लिए सभी रहते हैं कायल?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात समझ नहीं आ रही है मुझे श्रीमान? जब प्रधानमंत्री से करायी गई पूर्व के पुराने अध्यक्षों की मुलाकात? तब इससे दूर क्यों रखा गया भारतीय जी का नाम? क्या बिगड़ जाता अगर मुलाकात वाली लिस्ट में लिख दिया जाता भारतीय जी का भी नाम? दिखाने वालों को दिखाना चाहिए था इस मामले में बड़ा दिल? जिस जिम्मेदारी को तुम आज संभाल रहे हो? वो जिम्मेदारी तो गई थी इन्हें बहुत पहले ही मिल?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि प्रधानमंत्री के रोड शो में भगवा ढेड़ा चाहते थे येढ़ा बनकर खिलाना अपने प्रिय मिश्रा को सम्मान वाला पेड़ा? ढेडा के मिश्रा जी को लेकर हैं सागर से दिल वाले जज्बात? मगर वो प्रिय मिश्रा को मंच पर भी नहीं बुला पाये? सुना है पुलिस ने नहीं मानी उनकी बात? कहानी में आ गया उस समय मोड़, जब उन्होंने दी अपने यूथ कमांडर होने की जानकारी? फिर पुलिस ने भी बदल लिया अपना रोल, पहले मान भी जाते फिर तो मंच पर तो दूर की बात फटकने भी नहीं दिया मंच के आस–पास?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# नुक्कड़ सभाओं के अलावा घर-घर जाकर वोटों की अपील कर रही हैं डॉली शर्मा









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा अपने लोकसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार का कोई भी तरीका अपनाने से पीछे नहीं हट रहीं। अपने चुनाव प्रचार के दौरान गठबंधन दल के साथियों के साथ कई स्थानों पर उहोंने घर-घर जाकर अपने पक्ष में वोटों की अपील की। कई जगह नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर प्रचार अभियान चला रही हैं।

गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के साथ समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक बड़ा जत्था चुनाव प्रचार में देखा जा रहा है। उनके पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक सुबह में पार्क भ्रमण और उपासना स्थलों के दर्शन से उनकी दिनचर्या शुरू होती है।

विभिन्न सामाजिक व सार्वजनिक कार्यक्रमों में शिरकत करने, लोगों से मिलने-जुलने और देर रात तक अपने कार्यकर्ताओं के कार्यों की समीक्षा करते भी देख जा रहा है। उनके पिताजी और गाजियाबाद महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज व अन्य परिजन भी निरन्तर चुनाव प्रचार कर डाली शर्मा के लिए वोटों अपील कर रहे हैं।

## जहां लगी हैं बाबा साहेब की फोटो, वहां लिखनी होगी जन्म और निर्वाण तिथि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कार्यालय जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, निगम व परिषदों के कार्यालय व क्षेत्रीय संस्थाओं को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं कि जहां पर भी डॉ.भीमराव अंबेडकर का चित्र एवं उनकी मूर्ति बनी हुई है।

वहां उनके चित्र व मूर्ति के नीचे जन्मतिथि और निर्माण तिथि लिखना अनिवार्य है। इस संबंध में प्रमुख सचिव के पत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि जिन भी स्थान पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की चित्र लगे हैं, वहां यह है करना आवश्यक होगा।

अपर जिला अधिकारी नगर गंभीर सिंह ने जानकारी दी है कि अगर निरीक्षण के दौरान कहीं पर इस प्रकार की लापरवाही सामने आई तो संबंधित विभाग, क्षेत्र, संस्थान, कार्यालय, निगम व परिषदों और सार्वजनिक उपक्रमों के खिलाफ सरकारी काम में लापरवाही और आदेशों के उल्लंघन के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## क्षत्रिय महासभा की बैठक में कई पदाधिकारी नियुक्त किये गये



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक में कर्मठ एवं मेहनती नवयुवकों की महासभा के विभिन्न पदों पर नियुक्ति की गई। संजय राघव उर्फ गोपाल सिंह को प्रदेश संगठन मंत्री, धीरेंद्र भदौरिया को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में समाजहित, राष्ट्रहित एवं हित पर गहन मंथन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीति सिंह, संरक्षक आईएएस सेवानिवृत वीके सिंह प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र सिंह के अलावा क्षत्रिय समाज के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मांस की दुकान और अतिक्रमण पर प्रशासन करे सख्त कार्रवाई: नन्दकिशोर गुर्जर



**लोनी करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सोमवार को उपजिलाधिकारी लोनी को पत्र लिखकर मांस की दुकानों/मांसाहारी होटलों और अतिक्रमण पर कठोर कार्रवाई के लिए कहा है। विधायक ने नवरात्रों के दृष्टिगत कई कॉलोनियों के निरीक्षण के दौरान एवं कई स्थानों पर मीट की दुकान/मांसाहारी होटल आदि खुली देखी जाने पर रोष व्यक्त किया। पत्र में कहा गया है कि नवरात्रि में चारों और लोनी में मंदिरों-घरों में पूजा-पाठ, जागरण आदि धार्मिक कार्यो का आयोजन बृहद स्तर पर किया जाता है ऐसे में लोनी क्षेत्र में मीट की दुकानों का खुला पाया जाना चिंताजनक है। व्रतियों के मंदिर एवं धार्मिक अनुष्ठानों में अवागमन के मार्ग में मांस की दुकानों का खुला होना धार्मिक सौहार्द की दृष्टि से भी गलत है जबकि लोनी में एयरक्राफ्ट ओर्डिनेंस के तहत मांस की दुकान/कट्टी घरों का संचालन वर्जित है। इसलिए विधानसभा में संचालित मांस की दुकानें/कट्टी घरों को तत्काल सम्बंधित थाना क्षेत्रों/चौकी इंचार्ज के क्षेत्रों में बंद कराने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त लोनी तिराहा, लोनी बॉर्डर, पुश्ता चौकी, बलराम नगर, एमएम रोड़ पर अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम से नौकरीपेशा एवं छात्र-छात्राएं विशेष तौर पर हलकान है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि अगर प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है तो वह स्वंय लोनी के सभी क्षेत्रों का निरीक्षण कर संबंधित थाना क्षेत्र प्रभारी एवं चौकी प्रभारी पर कठोरतम कार्रवाई कराएंगे।

# भाजयुमो अध्यक्ष सचिन डेढा के नेतृत्व में लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग का जोरदार स्वागत






**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए परिचय बैठक का आयोजन किया गया जिसमे हजारों की संख्या में युवा कार्यकताओं ने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग का बहुत ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया । य्कार्यक्रम के.बी.सी बैंकटहॉल कौशांबी में आयोजित किया गया था । इस दौरान सचिन डेढा ने बताया कि युवाओं को 2014 से पहले का भारत क्या था और आज केवल 10 साल में कहां खड़ा है ये आप सभी युवा खुद जानते हैं, देश को मोदी के रूप में ईमानदार व मजबूत प्रधानमंत्री मिला है जिसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है ।

अतुल गर्ग ने युवाओं से बात करते हुए कहा कि भाजपा के 10 साल के शासनकाल में गाजियाबाद के उद्योगों को बढ़ावा दिया गया है, बेहतर कनेक्टिविटी, अच्छे इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण उद्योगपतियों का व्यापार जहां बड़ा है वहीं उनका भाजपा के प्रति विश्वास भी बड़ा है। अतुल गर्ग ने कहा कि एक बार फिर से हम सबको मिलकर नरेंद्र मोदी को देश में तीसरी बार लाना है और साथ ही अबकी बार 400 पार करवाना है।

भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी ने बताया 2024 का लोकसभा चुनाव न प्रधानमंत्री मोदी के लिए है न अतुल गर्ग के लिए, बल्कि यह चुनाव देश के भविष्य और हम युवाओं के अच्छे भविष्य के लिए है इसलिए हमें अपने प्रत्याशी को गाजियाबाद से मजबूत बनाकर दिल्ली भेजना है । कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सत्येंद्र अवाना, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, पूर्व पार्षद चौधरी अतर सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री युवा मोर्चा अनुज कश्यप, पूर्व महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा संजय कुशवाहा, क्षेत्रीय मंत्री काजल त्यागी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा गौरव सोलंकी, मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, विधानसभा संयोजक राजेश्वर, महानगर महामंत्री युवा मोर्चा नितिन शर्मा, अभिजीत मुखर्जी, आशीष चौधरी, जयकरण यादव पुष्पेंद्र गुप्ता, राहुल मावी बिट्टू त्यागी ओम राजपूत, अरुण भड़ाना, कपिल मावी, अमित कल्याणी, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा पंकज लड्डू, आशु गुर्जर, सुधीर, दादू सिंगल सागर मिश्रा, रॉबिन भड़ाना, कृष्ण त्यागी, लवनीश त्यागी, विवेक नागर, विपिन त्यागी, सोनू चौधरी, दीपक मंडल, अंकित राजपूत, वंदनकरण एवं विकास मावी उपस्थित रहे।

# संस्कार स्कूल ने मनाया वार्षिक दीक्षांत समारोह






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संस्कार एजुकेशनल ग्रुप ने विभिन्न विषयों - इंजीनियरिंग, फार्मेसी, प्रबंधन और वास्तुकला में 2023 के स्नातक बैच के लिए अपना वार्षिक दीक्षांत समारोह मनाया। संस्थान परिसर में आयोजित समारोह में स्नातक छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान किया गया। बी.टेक, बी.फार्मा की कुल 196 डिग्रियां दी गईं। समारोह के दौरान डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ द्वारा प्रस्तावित बी.आर्क और एमबीए को पुरस्कृत किया गया।

समारोह में प्रेरक भाषणों के साथ-साथ विभिन्न विषयों के विश्वविद्यालय और कॉलेज रैंक धारकों को डिग्री और पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि कुलपति - एकेटीयू, प्रो. डॉ. जय प्रकाश पांडे, विशिष्ट अतिथि जॉयदीप मुखर्जी, प्रबंध निदेशक-हीडलबर्ग सीमेंट और प्रोफेसर डॉ. संदीप सिंघल, मैकेनिकल प्रोफेसर इंजीनियरिंग विभाग, एनआईटी, कुरूक्षेत्र, अध्यक्ष-एसईजी मनोज कुमार गुप्ता, सचिव-एसईजी लव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-एसईजी कुश अग्रवाल, निदेशक-फार्मेसी डॉ. बबीता कुमार, निदेशक-इंजीनियरिंग प्रो. डॉ. धर्मेंद्र सिंह, निदेशक- आर्क एआर. डॉ. राकेश अलावधी, विभागाध्यक्षों और सभी विभागों के संकाय सदस्यों ने दीक्षांत समारोह के दौरान सभी स्नातकों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संबंधों की अपनी केमिस्ट्री होती है। जब जिंदगी का एक हमसफर अपने हमसफर को अपने लिए पूरी तरह परफेक्ट बताए तो जीवन खुशहाल और सेट लगता है। मोहित और दिशा अरोरा की ये पोस्ट खुशहाल वैवाहिक जीवन का एक संदेश देती है। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।